ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 5, अंक 190, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 14

मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 13

## हाईकोर्ट ने पूछा : बताएं, किस कानून के तहत चलाया जा रहा था गेम जोन

अहमदाबाद, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। ये सभी यहां गेम जोन में गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले रहे थे।

### शवों की पहचान को लिए डीएनए नमूने

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में गेम जोन हादसा मामले में एसआईटी ने रविवार तड़के स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि जले हुए शवों की पहचान के लिए लोगों के परिजनों के डीएनए के नमूने एकत्र किए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने घटनास्थल और एक अस्पताल का दौरा किया जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के लिए एसआईटी शनिवार राजकोट पहुंची।

## कोलकाता नाइट राइडर्स बना आईपीएल-2024 का चैंपियन



चेन्नई, एजेंसी

- 52 रनों की नाबाद पारी खेलकर वेंकटेश ने दिलाई आसान जीत
- 3 विकेट चटकाकर आंद्रे रसल ने तोड़ी सनराइजर्स की कमर

आंद्रे रसल और स्टार्क के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर नाबाद 52 और रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रनों की तूफानी पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर 10 साल के इंतजार के बाद एक बार फिर ट्रॉफी पर कब्जा कर आईपीएल 2024 सत्र का चैंपियन बन गया। कोलकाता चार बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार उन्हें जीत हासिल हुई है। 114 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में नारायण (6) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद वेंकटेश ने नाबाद 52 रनों की पारी खेली। वहीं रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। इस जीत में गेंदबाज आंद्रे रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।










## सपा सरकार में लोग डर से कांपते थे, अब थर-थर कांपता है माफिया

### मिर्जापुर में बोले प्रधानमंत्री, योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर पारिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में उप्र. विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल सहित अन्य मौजूद रहे।



- मोदी ने कहा-सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

### हम घर का मिस्त्री नहीं बदलते ये पीएम बदलेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।

### मेरा बचपन कप-प्लेट धोते धोते बीता

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबट्र्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

## पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची और डॉक्टर आकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अस्पताल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।



घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। • एजेंसी

- ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश
- कई इमारतें, वाहन क्षतिग्रस्त अस्पताल मालिक गिरफ्तार

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।

## प. बंगाल तट की तरफ बढ़ रहा चक्रवाती तूफान रेमल



दक्षिण 24 परगना में लोगों को सतर्क करते एनडीआरएफकर्मी।

कोलकाता/ नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों की समीक्षा
- प. बंगाल के तटीय क्षेत्रों से एक लाख से अधिक को निकाला

चक्रवाती तूफान 'रेमल' के और तीव्र होने तथा रविवार आधी रात तक बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने की संभावना के मद्देनजर बंगाल के संवेदनशील क्षेत्रों से एक लाख से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। बंगाल के तटीय इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, क्योंकि तेज गति वाली हवाओं के साथ बढ़ रहे चक्रवात के कारण राज्य के कई हिस्सों में पहले से ही बारिश हो चुकी है। इस बीच रेमल से निपटने को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक हुई जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 'रेमल' शाम छह बजे सागर द्वीप से 160 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। अधिकारियों ने कहा कि चक्रवाती तूफान की गति 100-110 किमी प्रति घंटा है, जो 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसके रविवार आधी रात तक पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप समूह और बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह के पास खेपुपारा के बीच तट पर दस्तक देने की संभावना है। अपराह्न तीन बजे तक पश्चिम बंगाल सरकार ने तटीय और संवेदनशील क्षेत्रों से लगभग 1.10 लाख लोगों को निकाल लिया था और उन्हें आश्रय गृहों, स्कूलों और कॉलेजों जैसे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को चक्रवाती तूफान 'रेमल' से निपटने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। राज्य मंत्री अखिल गिरी ने कहा कि पूर्व में चक्रवात अम्फान और चक्रवात यास से निपटने में हमारे अनुभव का अच्छा उपयोग किया जाएगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कहा कि वह स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और चक्रवात से निपटने को राज्य और केंद्रीय विशेषज्ञों के साथ संपर्क में हैं।

## देश के 37 शहरों में 45 डिग्री के पार रहा पारा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के बड़े हिस्से में रविवार को भीषण गर्मी का कहर देखने को मिला और 37 शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया। राजस्थान का फलौदी लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म स्थान रहा जहां अधिकतम तापमान 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले यहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कम से कम 37 स्थानों पर रविवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया गया। यहां तक कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां भी तेज तापमान की चपेट में है। दिल्ली में आठ स्थानों पर अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार अगले चार दिनों में उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में रात में भी गर्मी लोगों को परेशान करती रहेगी।




- देश में भीषण गर्मी का कहर, उप्र सहित 7 राज्यों में रेड अलर्ट
- राजस्थान का फौलादी सबसे गर्म रहा, 49.8 डिग्री रहा तापमान
- अगले चार दिनों तक रात के समय में भी परेशान करेगी गर्मी

### गर्मी के कारण अकोला में धारा 144 लागू

चिलचिलाती गर्मी के कारण महाराष्ट्र के अकोला में प्रशासन ने सार्वजनिक समारोहों पर रोक लगाते हुए 31 मई तक धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी। जिलाधिकारी ने प्रतिष्ठानों को श्रमिकों के लिए पीने के पानी और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था करने का आदेश दिया।

### जलाशयों में घटा पानी, बढ़ गई बिजली की मांग

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले सप्ताह उनके कुल भंडारण का केवल 24 प्रतिशत रह गया जिससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जलविद्युत उत्पादन पर काफी असर पड़ा। भीषण गर्मी ने पहले ही भारत की बिजली की मांग को 239.96 गीगावाट तक पहुंचा दिया है, जो इस सीजन में अब तक की सबसे अधिक है। घरों और कार्यालयों में एयर कंडीशनर और कूलर पूरी क्षमता से चल रहे हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

## मोदी के अगले कार्यकाल में लागू होगा यूसीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- एक राष्ट्र-एक चुनाव को भी लागू करेगी अगली मोदी सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आने पर सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अगले पांच वर्ष के भीतर पूरे देश के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। शाह ने एक न्यूज एजेंसी से साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार अपने अगले कार्यकाल में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करेगी क्योंकि देश में एक साथ चुनाव कराने का समय आ गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च भी कम होगा। चुनाव को सर्दियों या साल के किसी अन्य समय में आयोजित करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि इस पर विचार किया जा सकता है। यदि हम कोई एक चुनाव प्रीपोन (निर्धारित समय से पूर्व) कराते हैं तो यह किया जा सकता है। यह किया भी जाना चाहिए। यह छात्रों की छुट्टी का समय भी होता है। यह बहुत सारी समस्याएं भी पैदा करता है।

## सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।



## नैनीताल में उमड़े पर्यटक, ट्रैफिक व्यवस्था हुई ध्वस्त

### सरोवर नगरी के रास्तों पर लगा 10-15 किमी लंबा जाम, पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को हुई समस्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होते ही सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की तादाद में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस का ट्रैफिक प्लान धड़ाम हो गया। नैनीताल जाने वाले हर रास्ते पर सात-आठ घंटे तक जाम लगा रहा। इस जाम में पर्यटकों, स्थानीय लोगों के वाहनों समेत कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं। पुलिस ने मशक्कत के बाद सुबह लगा जाम शाम तक खुलवाया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत मैदानी राज्यों में पड़ रही भारी गर्मी व स्कूलों में अवकाश के बाद अचानक पर्यटकों की भीड़ नैनीताल की ओर रुख कर रही है। इस वजह से नैनीताल व आसपास के सभी होटल पैक हो चुके हैं वहीं रास्तों पर भी हजारों वाहनों के पहुंचने से जाम लग रहा है। रविवार को नैनीताल जाने वाले सभी रास्तों पर 10 से 15 किमी लंबा जाम लग गया। सुबह 10-11 बजे से जाम लगने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम 4-5 बजे तक जारी रहा। पुलिस ने जाम से निबटने के लिए अलग-अलग रूटों पर पार्किंग एवं शटल सेवा, जिन पर्यटकों की सरोवर नगरी में बुकिंग थी, सिर्फ उन्हीं को नैनीताल में जाने की अनुमति देने समेत कई नियम बनाए मगर पुलिस के ये इंतजाम नाकाफी रहे। सभी रास्तों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से सिर्फ पर्यटक नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को भी दिक्कतें हुई।



नैनीताल में पर्यटकों के उमड़ने से रविवार को माल रोड पर जाम में फंसी गाड़ियां।

### कैंचीधाम से भीमताल तक रेंगते रहे वाहन

बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस वजह से कैंचीधाम में भी कई किमी लंबा जाम लगा रहा। कैंचीधाम से भीमताल तक लगभग 40 किमी का सफर में वाहन रेंगते रहे। वहीं भीमताल, भवाली की प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतार लगने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी हुई।

> मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक बहुत बड़ी संख्या में आ रहे हैं, इस वजह से सड़कों पर यातायात का बोझ बढ़ गया है। अधिकांश पुलिस बल को ट्रैफिक में लगाया गया है। शटल सेवा चलाई जा रही है। जिन पर्यटकों की होटल में बुकिंग नहीं है, उन्हें बाहर ही रोका जा रहा है।
>
> – **प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

## एक नजर

### राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित सेवानिवृत्त स्काउट्स कमिश्नर का निधन



**पुवायां।** पुवायां आईं मुरादाबाद की सेवानिवृत्त स्काउट्स कमिश्नर और मुरादाबाद के कौशल्या देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रवक्ता रही कृष्णा बाजपेई का अचानक निधन हो गया। कृष्णा बाजपेई भगवान राम के भव्य और दिव्य अयोध्या धाम दर्शन करने मुरादाबाद से पुवायां आई थी। यहां उनकी बहन के पुत्र डॉ. राजीव पांडेय का घर है। वह यहीं रुकी थी। 25 मई को तबीयत खराब होने के बाद उन्होंने शरीर त्याग दिया।

### यादव महासभा ने दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की रविवार को आयोजित शोकसभा में समाज के दिवंगत विशिष्टजनों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सत्यपाल सिंह यादव महाविद्यालय नवादा इंदेपुर में महासभा के जिलाध्यक्ष रामसागर यादव की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में युवा यादव महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष–विशाल यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गंगा देवी, कीलापुर भौती के पूर्व प्रधान सर्वेंद्र सिंह यादव गुड्डू, निगोही के ब्लॉक मंत्री–हरिओम यादव गुड्डू की मां तथा नगर निगम कार्यालय के कर्मचारी रहे रणवीर सिंह यादव के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश यादव, भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक, जिला महासचिव सुरेंद्र पाल सिंह यादव, युवा जिलाध्यक्ष यदुवीर सिंह यादव, रामकुमार यादव, मनोज यादव, जितेंद्र यादव अड्डू, महावीर सिंह यादव, लल्ला सिंह यादव, विपिन यादव, अजीत यादव, ऋषिपाल सिंह यादव, रोहित कुमार यादव आदि शामिल रहे।

### विशेष योग शिविर 31 को

**शाहजहांपुर।** योग विज्ञान संस्थान के बैनर तले 31 मई को अधिकतम संख्या दिवस मनाया जाएगा। संस्थान के जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि जिला इकाई के तत्वावधान में 31 मई को सुबह 5.30 बजे से 6.45 बजे तक सीतापुर नेत्र चिकित्सालय केंद्र पर सामूहिक योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने साधकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सभी साधक–साधिकाएं विशेष कैंप में सफेद वस्त्रों में ही उपस्थित हों।

# खोदकर सड़कों पर लगा दिए मिट्टी के ढेर, गिरकर चोटिल हो रहे लोग

## सुदामा चौराहे के पास की जा रही खोदाई, दिन भर लग रहे जाम से हो रही दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



खोदाई करती जेसीबी और सड़क पर लगा मिट्टी का ढेर। • अमृत विचार

- छह महीने पहले पूरी हो चुकी है सीवर लाइन निर्माण की अवधि

> सीवर लाइन डालते समय जनता को कोई परेशानी न हो इसके लिए जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द काम पूरा हो।
> –बिपिन कुमार मिश्र, नगरायुक्त

**अमृत विचार:** सीवर लाइन डालने के लिए सड़कों को खोदने का क्रम जारी है। ठेकेदार की लेबर सड़क को खोदकर मिट्टी के ढेर सड़कों पर लगा रही है, जिससे गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। इस समय सुदामा चौराहे पर खुदाई चल रही है। जिसके चलते कचहरी, गोला, जेल, खिरनीबाग और रोडवेज की ओर से आने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। कई लोग गिरकर चोटिल तक हो चुके हैं, लेकिन ठेकेदार कोई दूसरा रास्ता न होने की बात कह रहा है। जिसके चलते खुदाई करके सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगाए जा रहे हैं।

अनियोजित खुदाई के चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही है। ठेकेदार कभी भी कहीं भी खुदाई शुरू कर देता है। जिसकी पहले से सूचना नहीं दी जाती है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। गांधी भवन के पास बीते दिनों खुदाई की गई थी। अब भी यहां ठीक से सड़क नहीं पाटी जा सकी है। यहां आज भी सड़क ऊबड़-खाबड़ है। यहां सड़क पर अब भी गड्ढे हैं। जिससे जनता को भारी परेशानी हो रही है। यहां से वाहन लेकर गुजरने वालों को परेशानी होती है। एक सप्ताह पहले सुदामा चौराहे के पास खुदाई शुरू की गई है। इससे आसपास के व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यापारी लगातार नियोजित खुदाई और एक सड़क की मरम्मत करने के बाद दूसरी सड़क की खुदाई शुरू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में पूरा ध्यान नहीं दिया गया है। लोगों की परेशानी साल 2021 में ही दूर हो गई होती अगर समय से काम पूरा होता, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। साल 2019 में सीवर लाइन प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी, जिसके लिए 377 करोड़ 51 लाख 48 हजार रुपये का बजट मंजूर हुआ। जून 2021 से सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू हुआ। इसको दिसंबर 2022 तक पूरा करना था, लेकिन तय समय पर काम पूरा नहीं हो सका। इसके बाद पहला कार्य विस्तार निर्माण संस्था को मिला, फिर दूसरा मिला और फिर तीसरा कार्य विस्तार संस्था को मिला। एक के बाद एक कार्य विस्तार संस्था को मिलता जा रहा है, लेकिन इस सबके बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## अधिकारी को लिखा पत्र, फिर भी नहीं रुक रहा खनन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर में रामगंगा कटान करते-करते परौर के पास पहुंच गई थी। विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस के प्रयास से रामगंगा के कटान को रोकने के लिए लगभग 14 तटबंधों का निर्माण कराया गया। जिससे परौर व उसके मजरे नारायण नगर, पश्चिम बाजार, मोहनपुर मंझा कटान से बच गए थे। तटबंध के बनने से किनारों पर मिट्टी जमकर किनारे ऊंचे हो गए थे तथा पानी का बहाव सीधा हो गया। अब कटान रोकने के लिए जो मिट्टी मंझा के पास जमा हो गई थी, इस मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इस खनन को रोकने के लिए शारदा नहर खंड अधिशासी अभियंता द्वारा खनन अधिकारी को पत्र लिखकर अवैध खनन के बारे में अवगत कराया था। जिसकी प्रतियां अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड तृतीय व थानाध्यक्ष परौर को भेजी गई थी। पत्र लिखे करीब एक सप्ताह का समय व्यतीत हो चुका है लेकिन खनन पर रोकथाम नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि इसी तरीके से खनन चलता रहा तो फिर परौर कटान की परिधि में आ सकता है।

# अमृत सरोवर में बिना काम कराए निकाले लाखों रुपये



मिर्जापुर की बसई ग्राम पंचायत का अमृत सरोवर। • अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

- मिर्जापुर की बसई ग्राम पंचायत का मामला, सीडीओ ने दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार :** मिर्जापुर में पंचायत कर्मियों ने स्वीकृत अमृत सरोवर में बिना काम कराए लाखों रुपये निकाल लिए। प्रधान व सचिव को जानकारी होने पर अधिकारियों से शिकायत की गई। मामले में सीडीओ ने कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए है। सोमवार को जांच टीम मौके पर जाकर सत्यापन करेगी।

मिर्जापुर की बसई ग्राम पंचायत में शासन द्वारा अमृत सरोवर स्वीकृत किया गया था। अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए अच्छा खासा बजट भी जारी किया गया। अप्रैल माह में अमृत सरोवर में मात्र 15 प्रतिशत काम कराकर 1.23 लाख की रकम निकाल ली गई। खास बात यह रही कि प्रधान व पंचायत सचिव को मामले की भनक तक नहीं लगी। प्रधान प्रेमा देवी द्वारा रुपये निकालने की जानकारी होने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई। जिस पर सीडीओ ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वरुण सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गठित की है। सोमवार को जांच टीम मौके पर जाकर सत्यापन करेगी। इस दौरान मौके पर बीडीओ मिर्जापुर, एपीओ, रोजगार सेवक, प्रधान व तकनीकी सहायक को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

# व्यापारियों की शहादत को याद कर लिया एकता का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



उत्कृष्ट सहयोग के लिए साथी व्यापारियों को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ और महामंत्री नाजिम खां। • अमृत विचार

- उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया व्यापारी शहीद दिवस
- उत्कृष्ट सहयोग वाले व्यापारियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को व्यापारी शहीद दिवस एवं समर्पण दिवस मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में कैंप कार्यालय कन्हैया हौजरी में उन 13 व्यापारियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने व्यापार जगत के लिए संघर्ष करते हुए पुलिस की लाठियां, डंडों व दमन की परवाह न करते हुए प्राण न्योछावर कर दिए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा व्यापारियों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगी। उन्होंने साथी व्यापारियों का आह्वान किया कि वह व्यापार मंडल के सभी कार्यक्रमों एवं आंदोलन को सफल बनाने में पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य करें और व्यापारी हितों की रक्षा, एकता, अनुशासन और निरंतर सक्रियता से कार्य करें ताकि व्यापारी हितों के सभी प्रकार के संघर्षों में सफलता के नए आयाम स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि जिले का व्यापारी पूर्व में पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के नेतृत्व में संघर्ष करता रहा और अब उनके प्रदेश अध्यक्ष पुत्र मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में अपना पूर्ण सहयोग देकर व्यापारी समाज की समस्याओं के लिए संघर्षरत है।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के लिए उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने करने वाले बिल्डिंग मैटेरियल एसोसिएशन से सुरेंद्र सेठी, बुक सेलर एसोसिएशन से अरविंद अग्रवाल, मेडिकल एसोसिएशन से सुनील गुप्ता, ऑटोमोबाइल एवं स्पेयर पार्ट्स एसोसिएशन से मोहम्मद अकरम खां और किराना एसोसिएशन से संदीप चावला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री नाजिम खां, अतुल गुप्ता, गौरव वल्लभ गुप्ता, रोहित अग्रवाल, प्रेम नारंग, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, चंद्रप्रकाश गुलाटी, संदीप चावला, आशीष अग्रवाल, जगदीश चंद्र, शाहबाज खान, अरविंद पांडेय, गोविंद गुप्ता, शकील खां समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई हरीश चंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि



**शाहजहांपुर।** व्यापारियों के हितों के लिए आज ही के दिन वर्ष 1979 में आंदोलन के दौरान पुलिस की गोली लगने से शहीद हुए स्वर्गीय हरीश चंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। व्यापारी जिलाध्यक्ष वीरेंद्रपाल सिंह उर्फ गोल्डी के नेतृत्व में रविवार को मशीनरी मार्केट में राजीव गुप्ता के प्रतिष्ठान पर एकत्रित हुए। यहां स्वर्गीय हरीश चंद्र अग्रवाल के चित्र पर व्यापारियों ने पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। उनकी पुण्यतिथि को व्यापारियों ने प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। वहीं शनिवार रात खुटार में माता पूर्णागिरी दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस के ऊपर डंपर गिरने से हुई मौत पर व्यापारियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर उपाध्यक्ष देवेश गुप्ता, रजत बत्रा, कपिल गुप्ता, आशीष वर्मा, लुबना जिया, सुरेंद्र कुमार, सुनीता गुप्ता, सायरा जान, अनुपम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मधुमेह निवारण शिविर में साधकों ने किया योग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शहीद उद्यान में मधुमेह निवारण योग शिविर में योग करते साधक। • अमृत विचार

- भारतीय योग संस्थान की सदर इकाई ने शहीद उद्यान में शुरू किया पांच दिवसीय विशेष शिविर



सदर इकाई की नवगठित टीम। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय योग संस्थान की सदर इकाई के तत्वावधान में रविवार से पांच दिवसीय मधुमेह रोग निवारण योग शिविर शुरू हो गया। शहीद उद्यान में शुरू हुए विशेष योग शिविर में बड़ी संख्या में साधकों ने प्रतिभाग कर लाभ उठाया।

इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हेमेंद्र वर्मा ने मधुमेह से संबंधित भ्रांतियां, लक्षण, उपचार और योग के माध्यम से उसका संतुलन आदि के बारे में उपयोगी चर्चा की। डॉ. एसपी कौशल ने मधुमेह से बचाव के लिए दिनचर्या पर विशेष ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। इसी कड़ी में क्षेत्रीय प्रधान अवधेश प्रजापति ने योग की सूक्ष्म क्रियाएं सुखासन, गहरी लंबी श्वास, ओम ध्वनि, ताड़ासन और अर्ध चक्रासन तो क्षेत्रीय मंत्री शिवम सक्सेना ने भुज क्रियाएं और क्षेत्रीय उप प्रधान ओमप्रकाश प्रजापति ने तिर्यक भुजंगासन के लाभ बताते हुए उसका अभ्यास कराया।

इसी क्रम में उपेंद्र गुप्ता ने नेत्र सुरक्षा क्रिया, संजय गुप्ता ने पलवनी प्राणायाम, अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया। इस मौके पर जिला प्रधान पवन सिंह और डॉ मयंक भूषण पांडेय ने सदर क्षेत्र की नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों क्षेत्रीय प्रधान अवधेश प्रजापति, उप प्रधान ओमप्रकाश प्रजापति, मंत्री शिवम सक्सेना, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, उप मीडिया प्रभारी उपेंद्र गुप्ता, सामग्री एवं योग मंजरी समिति के अध्यक्ष के रूप में भगवान दास शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, रमेश चंद्र दीक्षित, राम जानकी, के के शुक्ला, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव आदि को सम्मानित भी किया। उप प्रधान ओम प्रकाश प्रजापति ने बताया कि विशेष योग शिविर पांच दिन तक चलेगा।

## साइकिल क्लब ने की आर्गेनिक उत्पाद प्रयोग करने की अपील




साइकिल क्लब की साप्ताहिक यात्रा में ऑर्गेनिक खेती की फसल देखी।

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** दी जेंटलमैन साइकिल क्लब की स्वास्थ्य जागरुकता यात्रा रविवार को पुवायां से विक्रमपुर फॉर्म हाउस पहुंची। यात्रा के दौरान क्लब के सदस्यों ने रास्ते में पड़ने वाले पेड़ों पर भीषण गर्मी से बचाव के लिए पक्षियों के लिए दाना पानी पेड़ों पर रखा। यात्रा में आयुर्वेदिक प्राकृतिक खेती देखकर डॉ. बीके गुप्ता ने सभी से आर्गेनिक उत्पाद प्रयोग करने की अपील की।

साइकिल क्लब के सभी सदस्य सुबह छह बजे सुशील श्रीवास्तव के फॉर्म हाउस पहुंचे और जैविक खेती का करने का तरीका देखा। क्लब के सदस्य दिनेश कुमार ने जैविक उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। क्लब के संस्थापक सदस्य राजीव शर्मा ने कहा कि ऑर्गेनिक फूड सेहत के लिए लाभदायक और उपयोगी होते हैं। जैविक खाद से बने उत्पाद प्रयोग करने से बीमारियों से बचा जा सकता है। क्लब के कोषाध्यक्ष डॉ. रविंद्र बाजपेई ने बताया कि 80 प्रतिशत बीमारियों का कारण गलत खान पान है इसलिए अपने किचन गार्डन में अपने परिवार के लिए जैविक उत्पाद उगाएं। संजय मिश्र ने आगामी जून महीने की कार्ययोजना तैयार कर सभी के समक्ष रखा और बताया कि 3 जून को क्लब के स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

## दिन में भी जल रही लाइट, बर्बाद हो रही बिजली



खंभे पर जलती स्ट्रीट लाइट।

**शाहजहांपुर।** नगर निगम की ओर से शहर में लगाई गईं स्ट्रीट लाइटें दिन में भी जल रहीं हैं। इससे हर रोज सौ से डेढ़ सौ यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के नगर अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर इन्हें बंद कराए जाने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम द्वारा नगर में प्रकाश व्यवस्था के लिए जनहित में स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं हैं, लेकिन यह दिन में भी जलती रहती हैं। इन लाइटों को बंद करने वाला व खोलने वाला कर्मचारी सरकारी तनख्वाह ले रहा है लेकिन कर्मचारी द्वारा दायित्वों में लापरवाही बरती जा रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि शहर के अंदर पक्का तालाब रोड, विजया बैंक वाली गली, आला खां चौक, डिप्टी साहब की मस्जिद, कटिया टोला नाले वाली गली, पुराना आरटीओ ऑफिस, अब्दुल्लागंज, मघईटोला, जियाखेल आदि में स्ट्रीट लाइटें दिन में जल रहीं हैं। इससे हर रोज सौ से डेढ़ सौ यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है लेकिन इस ओर कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Shahjahanpur : Near Kapoor Motors Store, Sadar Bazar Ph.: 9105050225
Lakhimpur : Near YDPG College, Below Gurukul Library Ph.: 9519746040
Gola : Cinema Road, Near Anil Printers Ph.: 8765805042
Jalalabad : Near S.S. mart Bareilly Road, Ph.: 7054100556
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9105050222 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

www.anacollege.org
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM
•B.Pharma •D.Pharma
•Polytechnic •M.Tech
•B.Tech •M.B.A.
•B.B.A. •B.C.A.
ANA Group of Institutions
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# पोस्टमार्टम हाउस पर अपनों के शव तलाशते रहे परिजन

## 12 हुई मरने वालों की संख्या, 16 घायल और बाकी सलामत निकाले गए, दो डॉक्टरों ने किया पोस्टमार्टम, शव एंबुलेंस से भिजवाए सीतापुर

संवाददाता, शाहजहांपुर/खुटार

**अमृत विचार :** खुटार में भीषण हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने रात में ही 12 शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। वहां रोते हुए परिजन लाशों में से अपनों को तलाश रहे थे। दो डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम किया। मरने वालों की संख्या नौ से बढ़कर 12 हो गई। जबकि 16 घायल हुए और 32 महिला-पुरुष समेत बच्चों को को सही सलामत उनके घर भिजवाया दिया गया।

खुटार गोला रोड पर शनिवार रात करीब ग्यारह बजे ढाबे के पास खड़ी प्राइवेट बस पर बजरी भरा डंपर टकराने के बाद पलट गया। बस में सवार बच्चे, पुरुष, महिलाएं उस डंपर और बजरी के नीचे दब गए। यह सभी लोग सीतापुर से उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि धाम दर्शन करने जा रहे थे। हादसे में मौके पर दस लोगों की मौत हो गई और जिला अस्पताल में दो लोगों ने दम तोड़। करीब साढ़े चार घंटे बचाव कार्य चला। उधर सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार से घायलों की देखरेख और समुचित इलाज करने के निर्देश दिए। इस भीषण हादसे में 12 लोगों की जान चली गई और 16 लोग घायल हो गए। रविवार सुबह करीब चार बजे डीएम उमेश प्रताप सिंह के आदेश पर दूसरे वाहन से हादसे से बचे करीब 32 लोगों को वापस सीतापुर भेज दिया गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही लोगों के अथक प्रयासों से अन्य लोगों की जान जानें बच गई।


पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों से जानकारी लेती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


परिजनों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार


नि :शब्द बैठीं मृतकों के परिवार की महिलाएं।


बेटे अजीत की मौत पर रोती-बिलखती मां के आंसू पोछती बेटी।

### ओवरलोड था बजरी से भरा डंपर, बस में क्षमता से अधिक बैठे थे यात्री

**खुटार।** जनपद सीतापुर से प्रांत उत्तराखंड में पूर्णागिरि धाम जा रही प्राइवेट बस शनिवार रात ग्यारह बजे खुटार-गोला रोड पर ढाबे के पास रुकी थी। बस में 60 श्रद्धालु सवार थे। कुछ लोग बस से उतरकर ढाबे पर खाना खाने चले गए। तो कुछ लोग घर से लाये खाना बस में बैठकर करने लगे। उनको क्या पता था कि यह हादसा उनकी जान ले लेगा। लोग खाना खा रहे थे। इसी बीच बजरी से भरा डंपर बस पर पलट गया। डंपर में ओवरलोड बजरी भरी हुई थी। चालक से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बस पर पलट गया और हादसा हो गया। इसके अलावा प्राइवेट बस में 50 या 55 यात्री बैठने की व्यवस्था है। लेकिन उसमें 60 से ज्यादा लोग बैठने की बात सामने आई है।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पुलिस अधिकारी।


क्या कहें... कुछ समझ ही नहीं आ रहा।

### 55 सीटर बस में सवार थीं 83 सवारियां

सीतापुर के गांव जटहा गांव के ग्रामीण तीन साल से लगातार पूर्णागिरि में देवी के दर्शन करने के लिए जाते थे। इधर 15 दिन पहले योजना बनाई गई। बस 32 हजार रुपये में बुक हुई थी। प्रत्येक श्रद्धालु से 600 रुपये किराये तथा खाना का खर्चा लिया गया था। विसवा कस्बा के राजा भान सिंह की बस बुक हुई थी। बस में बच्चों सहित 83 सवारी थीं। जिसमें 60 महिलाएं, युवा, पुरुष तथा बाकी बच्चे थे। तीन सीट पर चार-चार लोग बैठे थे और बच्चों को गोद में बैठा लिया था।


पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन खड़े परिवारवाले। ● अमृत विचार

### 12 मृतकों के नाम

खुटार। जनपद सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव बड़ा और छोटा जटहा निवासी सीमा पत्नी राम दास (30), अजीत पुत्र रूपेश (15), सुमन देवी पत्नी गंगाराम (36), आदित्य पुत्र गंगाराम (8), शिव शंकर पुत्र सतनु (48), सोन मती पत्नी केदारी (45), प्रमोद कुमार पुत्र महेश कुमार (30), रोहनी पुत्री रामगोपाल (20), रामगोपाल पुत्र मुन्नू (48), छुटकी पत्नी छोटेलाल, सुधांशु पुत्र रामदास (7), बिंद्रा पुत्र देवी (60) की हादसे में जान चली गई। इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हादसे में 16 घायल, नौ रेफर

खुटार। हादसे में घायलों में अवंतिका, अजय यादव, सुशील यादव, अमित, शिवरानी, बालकृष्ण, महारानी, अनीता, विजय, रितिक पुत्र अनिल (8), मिस्टी पुत्री अमित (7), बिट्टू पुत्री शिवशंकर (25), हिमांशु, विकास, कैलाश और अज्ञात सहित 16 लोग घायल हो गए। जिसमें कुछ श्रद्धालुओं की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### देवी से मन्नत रह गई अधूरी

प्रत्येक साल जटहा गांव के लोग बस बुक करके पूर्णागिरी देवी के दर्शन करने जाते थे। इस बार कुछ लोग पहली बार बस में सवार होकर देवी के दर्शन करने जा रहे थे। उन लोगों ने पता नहीं मन में क्या सोचा था कि देवी से क्या-क्या मन्नत मांगेंगे। लेकिन यह लोग वहां तक पहुंच ही नहीं पाए और मन्नत उनकी अधूरी रह गई। उन लोगों ने सपने में नहीं सोचा होगा कि देवी दर्शन की जगह उन्हें यह सब देखना पड़ेगा।

### चार माह में हादसे में 155 की जान गई

जिले में इस साल दो बड़े हादसे हुए है। अल्हागंज में सुबह के समय फर्रुखाबाद से टेंपो में सवार होकर घटिया घाट स्नान करने जा रहे थे। ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी थी, जिससे टेंपो में सवार नौ लोगों की मौत हो गयी थी। इसी प्रकार तिलहर थाना क्षेत्र के गांव कपसड़ा के ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में गर्रा नदी पर एक बच्चे के मुंडन में जा रहे थे। गर्रा पुल पर ट्राली अचानक खाई में पलट गयी थी, जिससे ट्राली में सत्रह लोगों की मौत हो गयी थी। टीएसआई बाल कृष्ण यादव ने बताया कि चार माह में जिले में 290 हादसे हुए। 155 लोगों की जान गई और 156 लोग घायल हो गए थे।

### टूट गई थी डंपर की कमानी

एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने बताया कि डंपर की कमानी टूट गयी थी। इसलिए डंपर लहराता हुआ बस के ऊपर गिर गया था। बस के अंदर कुछ लोग खाना तथा कुछ लोग बस के आस-पास बैठकर खाना खा रहे थे। चालक भाग गया है। बस के सभी कागज पूरे है।

### 32 महिला-पुरुष व बच्चों को घर भेजा

खुटार। राजेंद्र, श्यामलाल, रंजीत, रेवती, शांति, रूबी, राजकुमारी, अखिलेश, परमेश्वर, परशुराम, कल्लू, पंकज, प्रदीप, यशराज, हरिप्रसाद, तीरथ लाल, उनके दो बच्चें, विक्रम, रामजीवन, सोबरन, रामकुमार, कमलेश, सर्वेश, ओम प्रकाश सहित 32 महिला -पुरुष समेत बच्चों को दूसरे वाहन से वापस घर सीतापुर भेजा गया है।

> खुटार में हुए भीषण सड़क हादसे की रिपोर्ट शनिवार रात में ही मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दी गई है। दुख की इस घड़ी में प्रशासन पीड़ितों के साथ है। नियमानुसार जो संभव मदद होगी वह की जाएगी।
> **- डॉ. सुरेश कुमार**, एडीएम वित्त

## एक नजर

### शाहजहांपुर, पीलीभीत और लखीमपुर खीरी की पुलिस फोर्स पहुंची

**खुटार।** खुटार गोला रोड पर सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के खबर लगने पर लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी, संसारपुर चौकी, गोला, पीलीभीत और शाहजहांपुर में तमाम थानों की पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गई। साथ ही कई विभाग के प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद अधिकारियों ने लोगों की मदद से वाहन के नीचे दबे घायलों और मृतकों के शव को बाहर निकाला। करीब चार घंटे तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को काफी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### शव बदल न जाए इसलिए लगाई गई चिट

**शाहजहांपुर।** मृतक का अंतिम सस्कार उनके परिवार के लोग ही करें। कहीं शव बदल न जाए। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि पोस्टमार्टम के बाद शव के कपड़े के ऊपर मृतक का नाम, पिता का नाम तथा पता लिखा जाए। पोस्टमार्टम हाउस में शवों के पोस्टमार्टम के बाद पुलिस कर्मचारियों ने प्रत्येक शव के कपड़े के ऊपर नाम, पता और पिता का नाम लिख दिया, जिससे उनके परिजन को शव मिल जाए। शव किसी दूसरे के हाथ में न चला जाए। साथ ही स्केच पैन से नाम तथा पता लिख दिया गया था।

### डंपर छोड़कर चालक फरार, दर्ज कराई रिपोर्ट

**खुटार।** जनपद सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव बड़ा जटहा के रहने वाले रूपेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार रात को गांव के लोगों के साथ प्रांत उत्तराखंड के पूर्णागिरि धाम बस में सवार होकर जा रहे थे। खाना खाने के लिए खुटार गोला रोड पर स्थित ऋषि ढाबा के सामने बस रोकी गई। बस से उतर कर कुछ लोग ढाबे पर खाना खाने चले गए थे। जबकि बस में कुछ लोग बैठे हुए थे। इस बीच पीलीभीत के मोहल्ला जोशी जहानाबाद निवासी डंपर चालक भीमसेन पुत्र ओमप्रकाश ने बस के पीछे के हिस्से में टक्कर मार दी जिससे डंपर बस के ऊपर ही पलट गया। इससे 12 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक भीमसेन फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रविवार को आरोपी चालक भीमसेन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### सांसद मिथिलेश ने जताया घटना को लेकर दुख

**खुटार।** खुटार गोला मार्ग पर हुए सड़क हादसे के बाद राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया है। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा कि लखनऊ में होने की वजह से उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। आगे भी वह मृतक व घायलों के परिजनों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।


खुटार में हुए हादसे के बाद शनिवार रात डंपर को बस के ऊपर से हटाती क्रेन। ● अमृत विचार

# सन्न रह गए नौ परिवार, छाया मातम

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हादसा शाहजहांपुर में हुआ लेकिन सन्नाटा सीतापुर में पसर गया है। भीषण हादसे में नौ परिवारों का घर उजड़ गया है। इसमें अधिकांश ऐसे लोग थे। जिनके सहारे से घर की रोजी-रोटी और पत्नी, बच्चों का जीवन यापन होता था। लेकिन ऐसे लोगों की जान चली गई। जिनका अब सहारा देने वाला कोई नहीं रह गया है। शनिवार रात हादसे में पत्नी, पुत्र और पुत्री तो किसी ने पति खो दिया। एक ही गांव के नौ परिवारों में दुखों का पहाड़ टूटा है जिससे मातम छाया हुआ है।

रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने मृतकों के घर पहुंच कर वहां बचे लोगों को संभाला लेकिन इस कठिन संकट में उनकी आंखों के आंसू भी नहीं थम रहे है। हादसे के बाद कुछ परिजन गांव वालों के साथ खुटार पहुंचे। जहां शवों को देखकर परिजन बेसुध होकर जमीन पर गिरते रहे और लोग उन्हें संभाले में खुद बिखरते रहे। पोस्टमार्टम के बाद 12 शव गांव पहुंचेंगे और एक साथ चिताएं उठेगी। जहां मातम के सिवा चारों ओर कुछ नहीं होगा।

सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव जटहा के गंगाराम ने अपनी पत्नी सुमन, पुत्र आदित्य, रूपेश ने पुत्र अजीत, रोहिणी पुत्री रामगोपाल, रामगोपाल, रामदास ने पुत्र सुधांशु, पत्नी सीमा, छोटेलाल ने पत्नी छुटकी, केदारी ने अपनी पत्नी सोनवती, महेश ने पुत्र प्रमोद को खो दिया है और साथ ही गांव के शिव शंकर, बिंद्रा की मौत हो गई। ऐसे में नौ परिवारों का घर पूरी तरह उजड़ गया है।


ढाबे किनारे शोकाकुल बैठे लोग। ● अमृत विचार

# चीख-पुकार और थमती सांसें...कांप उठे लोग

पारुल मिश्रा, खुटार

- रात 11:00 से 3:30 बजे तक डंपर के नीचे दबे रहे पांच लोग
- राहत कार्य में जुटे अधिकारी कर्मचारी भी हुए भावुक
- एक युवक और एक युवती ने तड़प-तड़प कर तोड़ा दम

**अमृत विचार:** गोला रोड पर ढाबे पर हुए हादसे में कई श्रद्धालुओं ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ा। शनिवार रात 11 बजे से साढ़े तीन बजे तक पांच यात्री डंपर के नीचे दबे दर्द से कराहते रहे। मंजर इतना भयानक था कि देखने वाले सिहर उठे। श्रद्धालुओं की चीख-पुकार, थमती सांसें, जिसे देख लोगों के हाथ-पांव कांपने लगे। राहत कार्य में जुटे अधिकारी और कर्मचारी भी एक पल को भावुक हो गए। डंपर के नीचे दबे एक युवक और युवती ने सबके सामने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। डंपर हटाने को तीन जेसीबी, दो क्रेन और एक हायड्रा लगाया गया, इसके बाद भी साढ़े चार घंटे लग गए डंपर का मलबा हटाने और नीचे दबे लोगों को निकालने में।

सीतापुर के प्रमोद कुमार डंपर के नीचे फंस गए। उनका आधा हिस्सा डंपर के नीचे दबा था और सिर बाहर की ओर निकला हुआ था। अधिकारियों ने लोगों के साथ ही जेसीबी मशीन, क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को उसके ऊपर से हटाने का काफी प्रयास किया, लेकिन बाहर निकालने में अधिकारी नाकाम साबित रहे। प्रमोद चीखता-चिल्लाता रहा और तड़प-तड़प कर उसने दम तोड़ दिया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद उसके शव को बाहर निकाला जा सका।


हादसे में घायल सोनवती पत्नी केदारी को शनिवार रात को खुटार अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। एंबुलेंस कर्मी उसे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही सोनवती ने दम तोड़ दिया। उधर, गंभीर हालत में बिंद्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन रविवार दिन में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतकों के घर सूचना पहुंची तो कोहराम मच गया।

### बस चालक फरार या फिर मौत, असमंजस में अधिकारी

**खुटार।** प्राइवेट बस के ऊपर बजरी भरा डंपर पलटने से 12 लोगों की मौत हो गई। लेकिन बस चालक कहां का रहने वाला है। कहां गया है या फिर मृतकों में चालक भी न हो। इस बात से अधिकारी भी असमंजस में हैं। वजह है कि बस चालक के बारे में शनिवार और रविवार को कुछ पता नहीं चल पाया है। खुटार थानाध्यक्ष संजय कुमार से भी इस मामले में पूछा गया। लेकिन इस बात की जानकारी से उन्होंने इंकार किया है। हालांकि, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बस का चालक कौन है। इसके बारे में जानकारी की जा रही है। इसके अलावा अधिकारी घायलों की देखरेख और समुचित व्यवस्था कराने में जुटे हुए हैं।


भर्ती घायलों को देखने अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा व अन्य। ● अमृत विचार


डंपर उठाकर सीधा करती क्रेन। ● अमृत विचार


डीएम उमेश प्रताप सिंह के आदेश पर लोगों को दूसरी बस से सीतापुर भिजवाया गया।

# हंसी खुशी निकले थे घरों से ...छा गई खामोशी

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** खुटार गोला रोड पर हुआ हादसे के बाद लोगों के दिलों और जुबां पर एक ही बात आ रही थी कि हे भगवान यह क्या कर दिया। बचे लोग रोते हुए कह रहे थे कि घरों से सभी हंसते हुए निकले थे। लेकिन दर्दनाक हादसे ने अचानक खामोश कर दिया। चारों ओर रोने, चिल्लाने की आवाज गूंज रही थी। मौजूद लोगों ने बेबसी का मंजर देखा। जहां तड़प-तड़प और चीख-चीख कर बच्चें, महिलाएं और पुरुष दम तोड़ रहे थे।

उनके शव से अलग होकर कई टुकड़ो में तीतर बितर हो गए और सड़कें खून से लाल हो गई। सीतापुर के राजेंद्र, श्यामलाल, रंजीत, तीरथ लाल, यशराज, हरिप्रसाद ने बताया कि सभी लोग शनिवार रात को बुकिंग करके प्राइवेट बस में सवार होकर गांव से मां पूर्णागिरि धाम दर्शन करने जा रहे थे। खुटार गोला रोड पर भोजन करने के लिए बस रोकी गई। बस में कुछ लोग भजन गा रहे थे तो बाकी ढाबे पर भोजन करने चले गए। इस बीच एक डंपर काल बनकर आया और 12 लोगों को एक झटके में लेकर चला गया। जहां सभी के चेहरे हंसी से खिले थे। वहां चीत्कार गूंजने लगी। खून से सड़क लाल हो गई। यह हाल उन लोगों ने सुनाया, जो अपने गांव के लोगों के साथ मां पूर्णागिरि जा रहे थे। उन्होंने कहा, अगर पता होता तो सभी को बस से नीचे उतार लेते। तो शायद जान बच जाती।


खुटार में दुर्घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त बस व डंपर। ● अमृत विचार

### ढाई घंटे बस और डंपर के बीच बजरी में दबा रहा हिमांशु, दुआ या इत्तेफाक...बची जान

**खुटार।** खुटार गोला रोड पर हादसे में बस और डंपर के बीच पड़ी बजरी में सीतापुर के कस्बा कमलापुर के गांव जटाहा निवासी हिमांशु दबा रहा। उसकी उम्र तकरीबन 8 वर्ष बताई गई है। अधिकारियों और लोगों ने उसे निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन तमाम कोशिश नाकाम रही। इसके बाद जेसीबी मशीन और क्रेन से दोनों वाहनों को हटाकर उसे ढाई घंटे बाद बाहर निकाला जा पाया। हिमांशु की जान भगवान की दया कहें या फिर इत्तेफाक। वह बस की चादर से सटा हुआ था और गर्दन के नीचे का हिस्सा बजरी में दब गया। इससे उसकी जान बच गई।

### डॉक्टर और स्टाफ पहले से थे अलर्ट

हादसे की खबर डीएम उमेश प्रताप सिंह को मिली तो उन्होंने सीएमओ तथा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार को तुरंत आदेश दिए कि ट्रामा सेंटर में बेड खाली कराके रखे। स्टाफ को तुरंत बुला लिया जाए। सीएमओ के आदेश पर डॉक्टर, फार्मासिस्ट, ब्लड बैंक तथा एक्सरे स्टाफ पहुंच गया। घायलों को सीएचसी भेजा गया। गंभीर रूप से घायल रितिक, लल्लू, महारानी, विकास, अवंतिका, कैलाश को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। सभी को एंबुलेंस से उतारकर उनका तुरंत उपचार करके मलहम पट्टी करके वार्ड में भेजा गया। रविवार की सुबह सभी घायलों को लखनऊ मेडिकल कालेज भेज दिया। वार्ड में घायल का हाल चाल सुबह दस बजे तक लेते रहे। घायलों के परिवार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंच गए थे। मेडिकल कॉलेज में डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा, चंद्र शेखर खन्ना उर्फ धीरू, कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष पवन सिंह आदि पहुंचे और घायलों का हाल चाल लिया।


अस्पताल में घायलों का हाल जानते भाजपा नेता चंद्रशेखर खन्ना उर्फ धीरू।

### टूटा टिफिन, बिखरा भोजन, चप्पल, बैग और कपड़े दे रहे थे दुर्घटना की गवाही

**खुटार।** इस भीषण हादसे ने लोगों के घर में मातम लाकर रख दिया है। साथ ही अपनों की जुदाई का गम भी। हादसे में वो चीजें गवाही दे रही थी जहां लोगों की मां, पिता और बहन ने उनके लिए मन पसंदीदा भोजन और अपना ढेर सारा आशीर्वाद, प्यार उस भोजन को टिफिन में बांधकर भेजा था। कहा था जहां भूख लगे उस भोजन को खा लेना। वो सब चीज घटनास्थल पर इस बात की गवाही दे रही थी। मृतकों का टिफन, भोजन, कपड़े और बैग, चप्पल पड़ी थी। जहां यह देखकर इसे लोग महसूस कर रहे थे।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

## पति समेत 12 के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पैनाखुर्द निवासी पूनम ने रोजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी सात साल पहले प्रमोद निवासी बिलरिया थाना रोजा के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से बाइक तथा 50 हजार रुपये मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले नहीं दे पाएंगे। चार माह पूर्व ससुराल वालों ने मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति प्रमोद समेत 12 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## भ्रामक पोस्ट डालने पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** कस्बा खुदागंज निवासी कौशलेंद्र सिंह ने खुदागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसे 10 मई को जानकारी हुई कि फेसबुक पर एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा केवल निष्पक्ष नाम से एक अकाउंट चलाया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति ने मतदान से दो दिन पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर गोमांस निर्यात करने वाली कंपनियों से चंदा लेने का आरोप लगाते हुए एक पोस्ट साझा कर समाज में अशांति फैलाने का प्रयास किया है। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**खुदागंज।** क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी आमिर खान व निहाल बाइक से मझिला जा रहे थे। सामने से खुदागंज की ओर से आ रहे गांव सुथा निवासी रोहित सिंह व पंकज सिंह की बाइक उनकी बाइक से टकरा गई। जिससे चारों लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती गया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर...हादसे के बाद ही चेतेंगे

## शहर से लेकर देहात तक बरती जा रही लापरवाही, विद्युत विभाग के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बिजली जितनी आवश्यक है, उतनी ही खतरनाक भी है। जरा सी चूक होने पर जान भी चली जाती है, यह सब जानते हुए भी बिजली विभाग के जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। सड़क किनारे लगे ट्रांसफॉर्मर सबसे अधिक खतरनाक हैं। इनको खुले में रखकर छोड़ दिया गया है। इनके चारों और घेरा नहीं बनाया गया। शहर से लेकर देहात तक यह बेपरवाही दिखने को मिल रही है।

वैसे तो शहर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बंच लाइनें डाली जा रही है लेकिन खुले में रखे ट्रांसफार्मर को सुरक्षित घेरे में लेने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर करीब 20 से 30 स्थान ऐसे हैं, जहां ट्रांसफॉर्मर खुले में रखे हैं। हालांकि ज्यादातर स्थानों पर लोहे के जाल ट्रांसफॉर्मर के चारो ओर लगाए गए हैं लेकिन खुले में रखे इन ट्रांसफॉर्मरों से निकलने वाली चिंगारी अथवा फुंकने पर आसपास के लोगों के लिए खतरा बना रहता है। शहर में पुवायां रोड पर पुलिस लाइन गेट के आगे मंदिर के निकट काफी समय से ट्रांसफार्मर खुले में रखा है। इसके अलावा दुर्गा होटल के पास भी ट्रांसफॉर्मर खुले में रखा है। यहां पर लोहे की जाली लगाई गई थी लेकिन अब यह टूट चुकी है। लीड कांवेंट स्कूल के पास भी खुले में रखा है। यह वह स्थान से हैं, जहां से हर वक्त लोगों का आना जाना लगा रहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि छोटे-छोटे बच्चे या फिर मानसिक मंदित या पशु भी इन ट्रांसफॉर्मर की चपेट में आकर हादसे का शिकार को सकते हैं लेकिन बिजली विभाग के जिम्मेदार लोग पूरी तरह से बेपरवाह बने हुए हैं।


पुवायां रोड पर पुलिस लाइन के पीछे खुले में रखा ट्रांसफॉर्मर।


दुर्गा होटल के पास रखे ट्रांसफॉर्मर की टूटी जाली।

> ज्यादातर स्थानों पर रखे ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर जाली लगाकर सुरक्षित घेरा बनाया गया है। कुछ स्थानों पर यदि खुले में ट्रांसफॉर्मर रखे हैं तो वहां भी जाली लगाने की व्यवस्था की जाएगी।
> – **जेपी वर्मा**, अधीक्षण अभियंता

### चौराहे के समीप खुले में रखा ट्रांसफॉर्मर

**तिलहर।** यह ट्रांसफॉर्मर नगर के मोहल्ला बहादुरगंज स्थित हलवाइयों वाले चौराहे के समीप खुले में रखा हुआ है। यहां पर छोटे-छोटे बच्चे भी खेलते हैं। किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते पिछले छह माह पहले एक भैंस की इसी ट्रांसफार्मर से करंट लगने के चलते मौत हो गई थी।



### मुख्य मार्ग... फिर भी नहीं चेत रहा कोई

**निगोही।** निगोही थाने के निकट बीसलपुर-शाहजहांपुर रोड किनारे बिजली ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। यह रोड मुख्य रोड है और हर वक्त लोगों का यहां से आना-जाना लगा रहता है। खुले में ट्रांसफॉर्मर की वजह से खतरे की आशंका बनी हुई है। इसके बाद भी ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर जाली नहीं लगाई गई।



### ट्रांसफॉर्मर के पास पन्नी डाल कर रहते हैं लोग

**जलालाबाद।** रामताल रोड खुले में ट्रांसफॉर्मर रखा हुआ है और इसके पास कुछ लोग पन्नी डाल कर रह रहे हैं। जरा सी लापरवाही इन लोगों पर भारी पड़ सकती है। खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर सुरक्षित घेरा बनाए जाने के लिए बिजली के अधिकारियों से कई बार कहा गया लेकिन बजट का रोना रोकर बेपरवाह बने हुए हैं।



### जाली हटी उसके बाद किसी ने ध्यान ही नहीं दिया

**पुवायां।** निगोही रोड पर कहिमारा गांव को जाने वाले रास्ते के मोड़ पर ट्रांसफॉर्मर रखा है। इस ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर पहले जाली लगी थी लेकिन अब यह हट गई है। दोबारा अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तब से यह अब ट्रांसफॉर्मर खुले में रखा है। इस रोड से गुजरने वाले लोगों के लिए कभी भी खतरा हो सकता है।



## केबल में लगी आग, फल की दुकान राख, 200 घरों की बिजली गुल


सब कुछ राख हो जाने के बाद सुलगती आग बुझाता युवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, कलान

● **कलान की घटना, लाखों का नुकसान, भीषण गर्मी में उपभोक्ता परेशान**

**अमृत विचार :** शनिवार रात अचानक बिजली की केबल से निकली चिंगारी से फलों की दुकान में आग लग गई। जिससे लाखों रुपये का सामान जल गया। बिजली केबिल जल जाने से लगभग 200 घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कस्बे में स्टेट हाईवे की परौर तिराहे के समीप मोहल्ला उल्फत नगर निवासी जब्बार खां की फल की दुकान है। शनिवार रात लगभग 11 बजे दुकान के ऊपर से निकली बिजली की लाइन से चिंगारी निकली और दुकान में चिंगारी गिर गई। धीरे-धीरे चिंगारी से आग भड़क उठी आग ने विकराल रूप धारण किया और आग की लपटे जब उग्र हुई तो मोहल्ले के लोगों की नींद टूटी। लोगों ने शोर मचाया। पुलिस ने जानकारी फायर ब्रिगेड टीम को दी। टीम पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। काफी देर बाद काबू पाया जा सका। आग से केबिल जल गई। इससे परौर रोड मोहल्लों के लगभग 200 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पूरी रात बिजली सप्लाई उपभोक्ताओं को नहीं मिली। अगले दिन रविवार शाम तक बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो पाई थी। जिससे भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं।

> आग लगने से केबिल जल गई थी। लाइन सही करने के लिए टीम लगी हुई है, जल्द ही उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई दी जाएगी।
> – **सुरेंद्र शर्मा**, एसएसओ विद्युत उपकेंद्र, कलान

## खेल-खेल में फिट रहना सीख रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **तक्षशिला और डॉ. सुदामा प्रसाद स्कूल के समर कैंप में आत्मरक्षा के साथ खेलों का प्रशिक्षण ले रहे बच्चे**

**अमृत विचार:** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप में रविवार को फिटनेस विद फन गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को खेल-खेल में फिट रहना सिखाया गया। कैंप में छात्र-छात्राओं को शारीरिक विकास के साथ आत्मरक्षा के लिए भी जागरुक किया जा रहा है।

कैंप में शिक्षिका पूजा और कल्पना ने रविवार को कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को फिटनेस के गुर सिखाए। वहीं, नेहा सिंह चौहान के निर्देशन में कक्षा चार से आठ तक के बच्चों ने आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया। ताइक्वांडो के तहत बच्चों को किक और पंच का प्रयोग करना सिखाया गया। इसी क्रम में संदेश और प्रतिमा के निर्देशन में बच्चों ने गायन-वादन का प्रशिक्षण लिया। हिमांशी और तैयबा ने रोल प्ले, स्टैंड अप कॉमेडी आदि सिखाया। अंजलि से स्केचिंग एंड पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया। साथ ही कुकिंग विदाउट फायर के अंतर्गत व्यंजन बनाने सिखाए गए। प्रबंधक राजकुमार खंडेलवाल ने बच्चों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।


तक्षशिला स्कूल में स्केचिंग-पेंटिंग सीखते बच्चे। ● अमृत विचार

### सुदामा स्कूल में बच्चों ने सीखा टीटी-चेस



**शाहजहांपुर।** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में छात्र-छात्राओं को टेबिल टेनिस एवं चेस के बेसिक बता अभ्यास कराया गया। खेलों की जानकारी शिक्षिका रवि प्रभा जौहरी ने दी। वहीं, प्राची ने ऐरोबिक एक्सरसाइज कराई। दिव्या, अभ्या, कुणाल, श्रेष्ठ, गुंजन, दिलप्रीत, मेघा, सृष्टि, न्यासा आदि छात्राओं का प्रयास खूब सराहा गया। फिल्मी गीतों पर बच्चों ने नृत्य का भी प्रशिक्षण लिया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय एवं प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा ने समर कैंप का महत्व समझाते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। कैंप संयोजक मंजरी यादव और सीमा गुप्ता की देखरेख में चल रहे आयोजन में अर्चना सक्सेना, नीलम सक्सेना, मधुमिता डे, तृप्ती वर्मा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## वेद ही दिखा सकते हैं कल्याणकारी मार्ग

**शाहजहांपुर।** आर्य समाज का वार्षिकोत्सव रविवार को गोष्ठी और यज्ञ के साथ मनाया गया। समारोह में पहुंचे आर्य समाजियों ने वैदिक यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर एटा के वैदिक प्रवक्ता आचार्य शैलेश शास्त्री ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। आचार्य शैलेश शास्त्री ने कहा कि सांसारिक कष्टों से मुक्ति पाने के लिए वेदों की ओर लौटना होगा। वेद ही मनुष्य को कल्याणकारी मार्ग की ओर ले जा सकते हैं। आचार्य चंदन मित्र शास्त्री ने कहा कि वर्तमान में मनुष्य नैतिक सिद्धांतों से गिरता जा रहा है। इसी कारण उसे दुख घेरे रहते हैं। इन कष्टों से मुक्ति पाने के लिए वेद की सर्वोत्तम मार्ग है। इससे पहले महिलाओं और पुरुषों ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। बरेली के भजनोपदेशक जितेंद्र देव आर्य ने भजनों के माध्यम से अमर शहीदों का गुणगान किया। समारोह में वरिष्ठ समाजसेवियों लक्ष्मी देवी, ओम प्रकाश आर्य, प्रेमचंद्र आदि को सम्मानित किया गया। संयोजक भुवनेश आर्य ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जितेंद्र नाथ आर्य, सुशील, संजय, आनंद, जयेश देव, निर्भय प्रताप, प्रदीप आर्य, देशपाल आर्य, गौरव, सुखदेव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन राम बहादुर ने किया।

## संविदा मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

**शाहजहांपुर।** विद्युत संविदा मजदूर संगठन का नवल किशोर सक्सेना को प्रदेश अध्यक्ष और अशोकपाल को मध्यांचल अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने समस्याओं पर चर्चा की। मध्यांचल अध्यक्ष अशोकपाल ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की आठ घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए और साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। मध्यांचल अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान जिला एवं मंडल इकाई प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से भंग कर दी गई है। नवीन इकाई गठित होने तक सभी अपने पदों पर बने रहेंगे।

**अनेदखी** — निगम की बसों से कम किराए में सवारियां बैठा कर रही डग्गामारी

# कहने को टूरिस्ट बसें...कहीं से भी बैठा रहीं सवारियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **निगम को प्रतिमाह लग रहा 30 लाख का चूना**

**अमृत विचार :** जिले और दूसरे जिले की प्राइवेट ऑल इंडिया टूरिस्ट बसों के परिचालक खुलेआम दिल्ली, हापुड़, गाजियाबाद की सवारियां निगम की बसों से कम किराए में बिठाकर यात्रा करा रहे हैं। इन बसों का परमिट केवल शादी-ब्याह के लिए होता है, लेकिन कई स्थानों पर टूरिस्ट बसें सवारियां ढो रही हैं। एक आंकलन के अनुसार टूरिस्ट बसें निगम को एक माह में 30 लाख रुपये का चूना लगा रही हैं।

जिले में टूरिस्ट डबल डेकर 15 बसों का एआरटीओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन है। इन बसों को शादी-विवाह, यात्रा या फिर किसी टूर के तहत सवारियां ले जाने का परमिट दिया जाता है। इसके बावजूद ये बसें आनंद बिहार के लिए रोजाना सवारियां ढोती है। इतना ही नहीं हापुड़, गाजियाबाद, मुरादाबाद भी जाती है। यात्री रोडवेज की बस से कम किराया या जल्दी पहुंचने के चक्कर में डबल डेकर बसों में बैठ जाते है।

यह बसें रात आठ बजे रोडवेज बस अड्डे से कुछ दूरी पर रोडवेज रेलवे क्रॉसिंग के पास खड़ी हो जाती है। हेल्पर दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ की आवाज लगाकर सवारियों को बसों में बैठाते है। डबल डेकर बसें, पुवायां, निगोही रोड पुवायां बाईपास, बरेजी मोड आदि स्थानों से सवारियां ढोती है। इतना ही नहीं लखीमपुर खीरी, सीतापुर से डबल डेकर बसें शाम को बरेली मोड़ पर खड़ी हो सवारियां लेती है। इसके अलावा जलालाबाद तथा अल्हागंज में टूरिस्ट बसें सवारियां भरती है। निगम के स्थानीय डिपो को प्रतिमाह 30 लाख रुपये का टूरिस्ट बसें चूना लगा रही है। इस बाबत एआरएम आरएस पांडे जिला प्रशासन तथा एआरटीओ को कई बार पत्र लिख चुके है।


बस की छत पर बैठ कर जाते यात्री। ● अमृत विचार

> टूरिस्ट बसों की समय-समय पर चेकिंग की जाती है। चेकिंग के दौरान बसों का चालान भी किया जाता है।
> – **शांति भूषण पांडे**, एआरटीओ प्रशासन


डबल डेकर बस की छत में बैठी सवारियां।

## एक नजर

### मिर्जापुर में कथा सुनने गई वृद्धा की मौत

**मिर्जापुर।** बहरिया गांव निवासी रामकुमारी(85) बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे किनारे पेट्रोल पंप के पास चल रही कथा सुनने गई थी। परिजनों ने बताया कि वह घर से सुबह 8 बजे ही चली गई थी। शाम तक घर नहीं आई तो परिजनों ने तलाश किया। वह कथा जाने वाले रास्ते में एक पेड़ के नीचे बेसुध मिली। परिजन तत्काल डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी ज्यादा गर्मी के चलते मौत हुई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**निगोही।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक(25) का परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे परेशान होकर उसने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### मेड तोड़ने पर हुआ विवाद

**शाहजहांपुर।** थाना परौर के गांव गनेशपुर निवासी रामकुमार कश्यप ने थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपने ही गांव के तीन लोगों से जमीन का बैनामा कराया था। शनिवार को बैनामा की हुई जमीन में से एक व्यक्ति के हिस्से की जमीन गांव के एक व्यक्ति के पास थी। बैनामा कराई गई जमीन को ट्रैक्टर से रामकुमार बराबर का रहा था, तभी वहां पर विपक्षी आए और जबरिया खेत की मेड़ तोड़कर जमीन अपनी बतात हुए गाली-गलौज की।

### वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला घूरनतलैया निवासी जसमीत ने रोना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका चार पहिया वाहन है। उन्होंने 12 दिन पूर्व अटसलिया में परी नमकीन फैक्ट्री के बाहर खड़ी कर दी थी। नमकीन फैक्ट्री के मालिक उसके परिचित थे। वह आधे घंटे बाद वापस आया तो उसकी गाड़ी गायब थी। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# भाकिमयू के धरने का पांचवां दिन, बालिका की हालत बिगड़ी

## मां के साथ धरने पर बैठी थी बालिका, भीषण गर्मी में शुरू हो गईं उल्टियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



धरने पर बैठे भाकिमयू कार्यकर्ता और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- प्राइवेट अस्पताल में कराया भर्ती, हालत में सुधार, नहीं पहुंचा कोई अधिकारी
- पदाधिकारी बोले- न्याय नहीं मिलने पर तय की जाएगी आंदोलन की रणनीति

**अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ जारी धरना स्थल पर पांचवें दिन नौ वर्षीया बालिका की गर्मी की वजह से हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बालिका अपनी मां के साथ धरने पर बैठी हुई थी। उसकी हालत बिगड़ने के बावजूद भी धरना स्थल पर किसी अधिकारी के नहीं पहुंचने पर भाकिमयू कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों में रोष है।

भाकिमयू महिला प्रकोष्ठ का यह धरना खिरनीबाग रामलीला मैदान में चल रहा है। तेज धूप के साथ भीषण गर्मी में महिलाएं चार दिन से धरने पर हैं। शनिवार शाम को बरसात के दौरान भी धरना चालू रहा। पांचवें दिन रविवार को सुबह से ही धूप में तेजी थी। धरने पर महिलाओं के साथ निगोही ब्लॉक अध्यक्ष अंकिता शर्मा अपनी नौ वर्षीया बेटी माही शर्मा के साथ थीं। सुबह करीब 11 बजे भीषण गर्मी में माही की हालत बिगड़ने लगी। जी मिचलाने के साथ ही उसे उल्टियां शुरू हो गईं। इससे धरने पर बैठे लोग घबरा गए और उसे डॉक्टर को दिखाया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर भाकिमयू कार्यकर्ता उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां उसे बोतलें चढ़ाई गईं, तब कहीं जाकर उसकी हालत में सुधार आया। वहीं बालिका की हालत बिगड़ने के बाद भी धरना स्थल पर किसी प्रशासनिक अधिकारी के नहीं पहुंचने पर भाकिमयू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष है।

### झूठे मुकदमे दर्ज कर उत्पीड़न कर रही पुलिस

भाकिमयू जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस झूठे मुकदमे दर्ज कर उनका उत्पीड़न कर रही है। विरोध में संगठन के लोग धरने पर हैं, पांच दिन हो गए लेकिन अभी तक कोई अधिकारी उनकी समस्या का समाधान करने नही आया। यहां तक कि बालिका की तबीयत बिगड़ने के बाद भी कोई अधिकारी हाल जानने तक नहीं आया। अब धैर्य जवाब दे रहा है। जल्द ही न्याय नहीं मिला तो आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। धरने पर महिला जिलाध्यक्ष क्रांति सिंह, अंकिता शर्मा, कविता शर्मा, गीता देवी, मुकेश शर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा सहित अन्य लोग बैठे थे।

## भाकपा ने भाकिमयू को दिया समर्थन



**शाहजहांपुर।** धरना स्थल पर पांचवें दिन भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सह सचिव शंकर लाल पहुंचे और उन्होंने धरना दे रही महिलाओं को समर्थन पत्र सौंपा और अन्याय के विरुद्ध उनकी लड़ाई में साथ देने की बात कही। भाकप के सह सचिव शंकर लाल ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को सम्मान देने की बात करने वाली सरकार में उनकी ही पुलिस द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा। महिलाओं को भीषण गर्मी में न्याय मांगने के लिए धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। पांच दिन हो गए लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा की यदि शीघ्र ही न्याय नहीं मिला तो भाकपा कार्यकर्ता इन महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेंगे।

## मंडी में आढ़ती की दुकान से हजारों की चोरी

**जलालाबाद, अमृत विचार :** आलू आढ़ती की दुकान के ताले तोड़कर चोरों ने नकदी चेकबुक व जरूरी कागज चोरी कर लिए। सुबह आढ़ती जब दुकान खोलने पहुंचा तब चोरी का पता चला। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है।

नगर निवासी विश्वास गुप्ता ने बताया कि उनकी आलू की आढ़त नवीन गल्ला मंडी परिसर में फड़ संख्या 21,22 व टीनशेड संख्या पांच में विश्वास आलू कंपनी के नाम से है। जिसमें बीती रात चोरी हो गई। चोरों ने दुकान में रखी अलमारी के लॉकर को तोड़कर उसमें रखे 14300 रुपये, बैंक की चेक बुके और जरूरी कागज भी चोरी कर ले गए। चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं से व्यापारियों में दहशत है। दो दिन पहले ही कुलदीप गुप्ता की आढ़त से 60,000 रुपये चोरी हो गए थे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# राइस मिलर के बेटे की तलाश में पीलीभीत पुलिस का छापा

संवाददाता, तिलहर

- नहीं आया पुलिस के हाथ, अफीम तस्करी मामले में चल रहा है वांछित

**अमृत विचार :** अफीम तस्करी के मामले में मुख्य आरोपी तीन माह से फरार चल रहे राइस मिलर के पुत्र को पकड़ने के लिए पीलीभीत पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को राइस मिलर का आरोपी पुत्र नहीं मिल सका। राइस मिलर के घर पुलिस के आने से हड़कंप मच गया।

पीलीभीत क्षेत्र के करेली पुलिस ने चार मार्च को मुठभेड़ में तिलहर और निगोही युवकों के पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद की थी। जब पकड़े गए युवकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने मुख्य सरगना तिलहर के एक राइस मिलर के पुत्र को बताया। पकड़े गए लोगों ने बताया कि वह लोग राइसमिलर के पुत्र के साथ अफीम को टनकपुर के रास्ते नेपाल तथा उत्तराखंड में सप्लाई करते थे। उन्होंने आरोपी के अफीम तस्करी में लिप्त होने के कई सबूत पुलिस को दिए। पीलीभीत पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई प्रयास किए लेकिन वह नहीं मिल सका था। चार मार्च के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था।

उसे पकड़ने के लिए पीलीभीत पुलिस ने शनिवार रात राइस मिलर के घर पर छापा मारा लेकिन पुलिस को आरोपी नहीं मिल सका। चर्चा है कि पुलिस के आने के बाद आरोपी के परिजनों ने जल्द ही आरोपी को कोर्ट में सरेंडर करने का आश्वासन दिया इसके बाद पुलिस रवाना हो गई।

# पिज्जा हब मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल गया

नर्स हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पुलिस हिरासत में अभिषेक कश्यप।

- अभिषेक से मिलकर शुभम ने बनाई थी हत्या की योजना
- पूरनपुर में फंदे पर लटक जान दे चुका है आरोपी

**अमृत विचार:** पिज्जा हब में नर्स की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने हब के मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या की योजना में धारा 120 बी के तहत उसका चालान कर दिया। जबकि मुख्य आरोपी शुभम शुक्ला ने पूरनपुर में अपने गांव से कुछ दूरी पर फांसी लगाकर जान दे दी थी।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि शनिवार की शाम चौक कोतवाली के मोहल्ला चारखंभा में पिज्जा हब में पीलीभीत जिले के पूरनपुर की युवती का शव बाथरूम से बरामद हुआ था। उसके गले में दुपट्टा कसा हुआ था। पुलिस ने काउंटर से शुभम शुक्ला का आधार कार्ड बरामद किया था। उसने एक कमरा बुक कराया था। शुभम खाना लेने के बहाने निकल गया था। नर्स के पिता ने शुभम शुक्ला, एक अन्य अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म तथा हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जबकि पिज्जा हब मालिक अभिषेक कश्यप को 120 बी का अभियुक्त बनाया गया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने पिज्जा हब के मालिक व अभियुक्त को डैम के पास रविवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त अभिषेक कश्यप ने बताया कि शुभम शुक्ला को काफी पहले से जानता हूं। वह नर्स को लेकर उसके हब पर आता-जाता रहता था। 23 की दोपहर शुभम उसके पास अकेले आया और कहा कि नर्स मुझसे शादी करने के लिए दबाव बना रही है और काफी परेशान हूं। फिर दोनों लोगों ने उसकी हत्या का योजना बनाई । करीब साढ़े चार बजे शुभम प्रेमिका नर्स को लेकर आया। उसने उसे कमरा दे दिया। शाम को आरोपी उसके नौकर निखिल से खाना लाने की बात कह निकल गया। काफी देर तक नहीं आया तो नौकर ने जाकर देखा कि बाथरूम में नर्स का शव पड़ा है। नौकर निखिल ने उसे आकर जानकारी दी। मालिक ने आरोपी के मोबाइल पर फोन किया तो स्विच ऑफ था। एक मोबाइल पड़ा था और वालपेपर पर नाम लिखा था। जो नर्स का था। पुलिस ने अभिषेक कश्यप का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रोहित कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, मानचंद गौतम, अरविंद कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार आदि थे।

### मुख्य आरोपी के दोनों भाई व साले को पुलिस ने छोड़ा

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** सामूहिक दुष्कर्म के बाद स्टाफ नर्स की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी शुभम की मौत के बाद हिरासत में लिए गए उसके दोनों भाइयों को शाहजहांपुर पुलिस ने छोड़ दिया। इसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली। उन्हें डर था कि कहीं एक बेटे पर आरोपों की आंच उनके अन्य दो तक न आ जाए। हिरासत में चल रहे साले को भी उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

### मोबाइल और बाइक ले आई शाहजहांपुर पुलिस

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** आरोपी शुभम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को देखने के बाद पुलिस उसके द्वारा खुदकुशी करना मान रही है। उसकी पैंट की जेब से बाइक की चाबी और मोबाइल बरामद हुआ था। वहीं नजदीक में बाइक खड़ी मिली थी। जिसे पूरनपुर पुलिस ने कब्जे में लिया था। चूंकि प्रकरण शाहजहांपुर से जुड़ा है। वहीं की पुलिस छानबीन कर रही है। इसलिए पूरनपुर पुलिस ने मृतक शुभम का मोबाइल और बाइक शाहजहांपुर पुलिस के सुपुर्द कर दी। मोबाइल की डिस्प्ले टूटी होने से पुलिस उसका डाटा चेक नहीं कर सकी। अब मोबाइल सही कराने के साथ ही कॉल डिटेल निकलवाकर साक्ष्य जुटाए जाएंगे।




# पूर्व प्रधानाचार्य ने गंगा में कूदकर दी जान

संवाददाता, अल्हागंज

- परिजनों ने बताया- कैंसर की बीमारी से परेशान थे श्री राम पाली, तनाव में रहते थे
- बिना बताए निकल कर पहुंच गए पांचाल घाट, घर आई मौत की खबर

**अमृत विचार:** कस्बे में स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य ने कैंसर की बीमारी से परेशान होकर पांचाल घाट पर गंगा में कूदकर जान दे दी। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक श्रीराम पाली।

स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम पाली कई माह से बीमार चल रहे थे। उपचार के दौरान रिपोर्ट में उन्हें कैंसर बताया गया था। इसकी जानकारी उन्हें हो गई थी, जिससे वह काफी तनाव में रहते थे। कभी-कभी गंगा जी में कूदकर जान देने की बड़बड़ाते थे। रविवार सुबह सात बजे वह घर से बगैर किसी को बताए निकल आए और एक लड़के की साइकिल पर बैठकर बस स्टेशन तक गए। फर्रुखाबाद के लिए जाने वाली बस पर बैठकर पांचाल घाट गंगा तट पर पहुंच गए। जहां वह गंगा में कूद गए, जब तक लोग उनको बचा पाते, इसके पहले ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर परिजन पहुंच गए और उनके शव को ले आए। पूर्व प्रधानाचार्य के दो पुत्र सौरभ कुमार और गौरव कुमार हैं। इनके तीन पुत्रियां भी हैं। वह स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में 25 वर्षों तक शिक्षण कार्य से जुड़े रहे। अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर कार्य की शुरुआत की। बाद में प्रधानाचार्य पद से स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ले ली थी। इस घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

### डांटने पर फंदे पर लटक गया युवक

**शाहजहांपुर।** बाराकला गांव के एक युवक ने गांव के बाहर एक युवक का शव गमछे से लटका मिला। परिवार वालों ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। कलान थाना क्षेत्र के गांव बाराकला निवासी मजनू का बेटा भूरा(18) सुबह आठ बजे घर से बिना बताए निकला था। दोपहर तीन बजे तक वह घर वापस नहीं आया था। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार की शाम गांव के बाहर एक बाग में उसका शव पेड़ से गमछे से लटका मिला। खबर मिलने पर मजनू मौके पर गए और शव की शिनाख्त बेटे भूरे के रूप में की। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी की। परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। इसीलिए उसने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। मृतक भूरे कलान बस अड्डे पर ठेले पर मेमोज आदि बेचता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह सात भाई-बहनों में चौथे नंबर का था। उसकी मां का नाम रामबेटी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## घर में घुसकर महिला को गलत नीयत से पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसके पति परतेज हसन दुबई में नौकरी करते है। वह अपने दो बच्चों के साथ यहां रहती है।

उसके पड़ोस में मोहम्मद रफी रहता है। जिसका उसके घर आना जाना है। वह उसके बेटे के साथ पतंग उड़ाता था। कुछ दिन से आरोपी महिला को गलत नीयत से देखने लगा। जिसके बाद पीड़िता ने उसे घर पर आने के लिए मना कर दिया। 22 मई की रात दस बजे आरोपी ने नशे की हालत में महिला को पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने किसी तरह दरवाजा अंदर से बंद कर लिया तो उसने दरवाजा और खिड़की तोड़ने का प्रयास किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला को जान का खतरा बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपी मोहम्मद रफी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# पुलिस से सपा जिलाध्यक्ष की तीखी नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शनिवार रात महमंद जलालनगर में आरोपी के घर दबिश देने गई थी पुलिस

**अमृत विचार :** झगड़े के आरोपी के घर दबिश देने गई पुलिस से सपा जिलाध्यक्ष की तीखी नोकझोंक हो गई। इसका वायरल हुआ वीडियो रविवार को खासा चर्चा का विषय बना रहा। एसपी सिटी के संज्ञान में लाए जाने पर उन्होंने किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं किए जाने का आश्वासन देकर जैसे-तैसे मामले को शांत किया।

इस संबंध में पूर्व चेयरमैन सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने बताया कि कुछ दिन पहले शहर के ही मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी दो लोगों के बीच झगड़ा हो गया था। रेलवे मालगोदाम पर हुए झगड़े का दोनों पक्षों के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। पुलिस को जानकारी हुई तो उसने बीच-बचाव करने वालों को ही नामजद कर दिया। इसी प्रकरण में एक व्यक्ति का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब 10.30 बजे थाना सदर बाजार प्रभारी और चौकी इंचार्ज पूरे दलबल के साथ एक आरोपी के घर घुस गए। आरोप है कि पुलिस पड़ोस के एक घर से आरोपी के यहां दबिश देने पहुंची तो साथ में कोई महिला पुलिसकर्मी नहीं थी, जबकि नियमानुसार महिलाकर्मी होना चाहिए। वह रात को किसी काम से उधर से निकल रहे थे, तो शोर सुनकर वह मौके पर पहुंच गए। दबिश के वक्त उसकी मां घर पर थी। इसी दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक हो गई। उन्होंने जब सीओ सिटी संजय कुमार को पूरा प्रकरण बताया तो उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसी आश्वासन के बाद वह घर लौट आए। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतर कर आंदोलन भी किया जाएगा।

# पुलिस ने छापा मार अवैध मीट ले जा रही गाड़ी पकड़ी

संवाददाता, तिलहर



इसी गाड़ी में ले जाया जा रहा था मीट।

- मीरानपुर कटरा एवं तिलहर में की जा रही थी मीट बिक्री की शिकायत

**अमृत विचार :** अवैध रूप से मीट लाने वाली गाड़ी को यातायात विभाग एवं पुलिस ने हाईवे पर छापा मारकर पकड़ लिया। जिसे छुड़ाने के लिए कई नेता लगे रहे।

कई दिनों से कुछ लोगों के द्वारा मीरानपुर कटरा एवं तिलहर में अवैध मीट बेचे जाने की शिकायत की जा रही थी। आरोप था कि जिन गाड़ियों से मीट बरेली से लाया जा रहा था वह गाड़ियां यातायात विभाग के द्वारा स्वीकृत नहीं थी। शिकायत पर शनिवार की रात यातायात विभाग के एआरटीओ व मीरानपुर कटरा पुलिस ने हाईवे पर छापा मार कर तिलहर के मीट व्यापारी की गाड़ी को पकड़ लिया। चर्चा है कि इस मीट व्यापारी के पास मीट को रखने के लिए कोई गोदाम नहीं है और यह अवैध रूप से क्षेत्र में मीट बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। मीरानपुर कटरा में बंद गाड़ी को छुड़ाने के लिए कई सत्ता पक्ष के नेताओं के गुर्गे भी सक्रिय हो गए लेकिन पुलिस ने गाड़ी को नहीं छोड़ा।

हाय री बिजली

पटरी पर नहीं आ रही बिजली व्यवस्था, लो वोल्टेज भी बनी समस्या

# घंटों गुल तो कभी बार-बार की ट्रिपिंग ने रुलाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




**अमृत विचार:** भीषण गर्मी हाल बेहाल किए हैं, वहीं बिजली व्यवस्था भी पटरी पर नहीं आ पा रही है। कभी घंटों बिजली का गुल हो जाना तो कभी लो वोल्टेज समस्या बनी हुई है। रविवार को शहर के कई मोहल्लों में लोग परेशान रहे। बिजली की समस्या का निदान नहीं हो पाने से बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में शिकायत के दौरान नोकझोंक भी होने लगी है। उधर, शनिवार शाम तेज हवा और बारिश से क्षतिग्रस्त हुई बिजली लाइन को देर रात में सही किया जा सका। करीब 15 घंटे तक लोग परेशान रहे।

शनिवार शाम को तेज हवा के साथ बारिश के दौरान अटसलिया से बादशाहनगर को जाने वाली 33 केवी लाइन में फॉल्ट आ गया था। इससे शाहाबाद से जुड़े शाहजापुर, सिउरा, आटा बुजुर्ग, कहेलिया, कनेंग, तारापुर, चठिया, बंदरिया समेत लगभग 100 गांवों की बिजली गुल हो गई थी। जिसे दुरुस्त करने के लिए रात में टीम को लगा दिया गया।रात करीब 2:30बजे पेट्रोलिंग टीम ने फॉल्ट दुरुस्त किया। तब करीब 15 घंटे बाद बिजली चालू हो पाई। हालांकि लाइन को दुरूस्त कराने के लिए उपभोक्ता भी बिजली अधिकारियों से शिकायत पर शिकायत करते रहे। यहीं हाल जलालाबाद के कलान विद्युत उपकेंद्र के पिलुआ फीडर पर रहा। यहां लाइन ब्रेकडाउन होने की वजह से 12 घंटे बिजली सप्लाई बंद रही। इसके अलावा हथौड़ा, रोजा, अब्दुल्लागंज, ककरा, निगोही रोड आदि स्थानों पर लगभग एक घंटे बिजली प्रभावित रही। शहर में शनिवार शाम से बिगड़ी चल रही बिजली व्यवस्था रविवार को भी अपने ढर्रे पर रही।

शहर में लोकल फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बहादुरगंज विद्युत उपकेंद्र के घंटाघर, मशीनरी मार्केट, खिरनीबाग और विकास भवन फीडर पर बनी रही। खिरनी बाग मोहल्ले में शाम करीब तीन बजे बिजली गुल हो गई, करीब एक घंटे बाद आई लेकिन इस दौरान गर्मी में लोग परेशान हो उठे। एक घंटे की कटौती के बाद दो से तीन बार ट्रिपिंग हुई। उपभोक्ताओं ने बिजली अधिकारियों को फोन मिलाए तो पता चला कि तकनीकी गड़बड़ी के चलते कुछ देर के लिए बिजली सप्लाई बंद रही थी।

### सिंधौली में उपकेंद्र पर पहुंच गए गुस्साए लोग

सिंधौली विद्युत उपकेंद्र पर लगा पांच केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद से दूसरे ट्रांसफार्मर से रोस्टर से हिसाब से बिजली सप्लाई दी जा रही है। इससे गांवों में बिजली कटौती बढ़ गई है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती का सामना कर रहे उपभोक्ता परेशान होने लगे। मुड़िया, मूर्छा गांव के लोग बिजलीघर पहुंच गए। इस दौरान कर्मचारियों से कहासुनी होती रही।

### आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली

बहादुरगंज विद्युत उपकेंद्र के पैनल और ब्रेकर का मरम्मत कार्य सोमवार शाम चार से छह बजे तक किया जाएगा। इस दौरान टेलीफोन एक्सचेंज, मशीनरी मार्केट, विकास भवन फीडर की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

# बवासीर भगन्दर

ऑपरेशन से बचें

दर्द रहित उपचार

सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता

(गुप्त रोग चिकित्सक)

बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ

ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

स्थापित 1960

माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।

मो. 9259082174


## महिला लापता, नहर में कूदने की सूचना पर मची खलबली

संवाददाता, माधोटांडा

- सर्विलांस के जरिए महिला की लोकेशन पुवायां में मिली

**अमृत विचारः** माधोटांड इलाके से लापता हुई एक महिला ने फोन पर परिजनों को फोन करके खुद के खारजा नहर में कूदने की सूचना दी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पहले महिला को खारजा नहर में तलाश किया। बाद में सर्विलांस से लोकेशन देखी तो शाहजहांपुर के पुवायां इलाके में मिली। महिला की बरादमगी के लिए पुलिस टीम भेजी गई है।

शनिवार देर शाम क्षेत्र की एक विवाहिता परिजन को बिना बताए घर से चली गई। तलाशने पर वह काफी देर तक नहीं मिली ससुराल वाले परेशान हो गए। तलाशी के दौरान रात करीब नौ बजे विवाहिता ने कॉल करके बताया कि वह खुदकुशी करने के लिए खारजा नहर में कूदने जा रही है। अब उसकी तलाश न की जाए। यह इतना सुनकर परिवार वालों के होश उड़ गए। उन्होंने फौरन पुलिस को सूचना दी। इसके बाद माधोटांडा पुलिस ने खारजा नहर पुल पर जाकर देखा, लेकिन रात होने से अधिक छानबीन नहीं हो सकी। दूसरे दिन रविवार सुबह पुलिस और परिवार वाले दोबारा खारजा नहर पुल पर गए। गोताखोरों को नहर में उतारा गया। कुछ पता नहीं चला तो सर्विलांस की मदद से विवाहिता के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कराई गई, जो शनिवार रात को शाहजहांपुर के पुवायां इलाके में मिली। इसके बाद मोबाइल बंद कर लिया गया। छानबीन में पुलिस को पता चला कि पुवायां के एक व्यक्ति से महिला का संपर्क है। ऐसे में मामला प्रेम प्रसंग का लगता है।

# बाइक हटाने को लेकर दो पक्षों में ईंट-पत्थर चले, चार लोग घायल

## पूरनपुर की घटना, मामले को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर सब्जी विक्रेता और गाड़ी मालिक में मारपीट हो गई। बीच बचाने करने पहुंचे युवकों को भी पीट दिया। इसके बाद दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चले। इसमें एक युवती समेत चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के अलग-अलग समुदाय के होने से घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई। इसकी सूचना मिलने पर दो थानों की पुलिस मौके पर जा पहुंची और सख्ती का भीड़ का खदेड़ दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस की तैनाती कर अफसर नजर बनाए हुए हैं।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रमपुरा कपूरपुर के रहने वाले अक्षय सब्जी विक्रेता हैं। रविवार के शाम अक्षय गांव में ई-रिक्शा पर सब्जी बेच रहे थे। इस दौरान गांव में मुईम की घर के सामने बाइक खड़ी थी। अक्षय ने सब्जी भरा ई-रिक्शा निकालने के लिए मुईम के बेटे बब्बर से बाइक हटाने को कहा। इसको लेकर बब्बर और अक्षय में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। इस दौरान वहां से गुजर रहे अशोक व जयवीर ने बचाने की कोशिश की। इस पर बब्बर व उसके घरवालों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इसकी जानकारी होने पर दोनों ओर से काफी लोग जमा हो गए। फिर ईंट-पत्थर चलने लगे। इसमें तीन लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष से राजदा भी घायल हो गई। युवती सहित कुल चार लोग घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। माहौल बिगड़ता देख घुंघचाई पुलिस को भी बुला लिया गया। पुलिस ने डंडे फटकार कर भीड़ को खदेड़ दिया। पत्थरबाजी में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस देर रात तक डेरा जमाए रही। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में गश्त की गई। कोतवाल ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।



घटना के बाद गांव में तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

- पुलिस ने डंडे फटकार कर भीड़ को खदेड़ा

## किसान को धोखा देकर करा लिया जमीन का बैनामा, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं,अमृत विचार :** जमानत कराने का झांसा देकर दो लोगों ने एक अशिक्षित किसान की जमीन का बैनामा करा लिया। जिसमें चार लोगों ने गवाही दी। आरोपियों ने कुछ जगह पर किसान के अंगूठे लगवा लिए। पता लगने पर किसान ने छह लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिनावर क्षेत्र के गांव डुमैरा निवासी हाकिम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अशिक्षित हैं। चार मार्च को गांव के ही छोटे लाल और उमेश चंद्र उनके पास आए थे। उन्होंने कहा कि छोटे लाल के चचेरे भाई की जमानत होनी है।

बदायूं चलो जमानत करवा दो। हाकिम सिंह उनके साथ बदायूं तहसील आ गया। जहां जमानत के पेपर की बात कहकर कुछ जगह अंगूठा लगवा लिए और गांव आ गए।

बाद में पता चला कि उन लोगों ने हाकिम सिंह की खसरा संख्या 37 की चार बीघा सात विसवा जमीन का बैनामा करा लिया है। बैनामा की गवाही में चार अन्य लोग भी शामिल थे। शिकायत करने पर हाकिम सिंह को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छोटे लाल, उमेश चंद्र, बंगाली बाबू, दिनेश, आरिफ और माजिद के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बच्चों के विवाद में भाई, भाभी को पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव अहमदगंज परौल का है। छोटे लाल ने तहरीर देकर बताया कि 18 मई देर शाम लगभग आठ बजे उनका और उनके भाई लालाराम का बेटा साथ खेल रहे थे। इसी दौरान के बीच झगड़ा होने लगा। जिससे गुस्साए लालाराम और उनकी पत्नी नीलम कुछ देर के बाद छोटे लाल के घर में घुस आए।

गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। छोटे लाल और उनकी पत्नी सुमन को पीटा। आरोपी भाई ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी लालाराम और नीलम के खिलाफ मारपीट, धमकाने और जबरन घर में घुसने के आरोप में कार्रवाई की है।

# बेटी की मौत से परेशान पिता ने घर में फंदे पर झूलकर दे दी जान

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार :** बेटी की मौत ने बुजुर्ग को इस कदर तोड़ दिया कि वह अवसाद ग्रस्त हो गया और रविवार को फंदे पर लटक कर जान दे दी। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

उसावां थाना क्षेत्र के गांव गौतरा पट्टी नरपत रमसी निवासी रक्षपाल (50) खेती करके परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके दो बेटे और एक बेटी मीना थी। पत्नी की डेढ़ वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो चुकी है। पत्नी की मौत के बाद रक्षपाल का ख्याल उनकी बेटी मीना रखती थी। करीब एक वर्ष पूर्व मीना ने किसी बात से नाराज होकर आत्महत्या कर ली थी। मीना की मौत ने रक्षपाल को पूरी तरह तोड़ दिया। वह अवसाद में रहने लगे। ग्रामीणों के अनुसार बेटे समझाते तो वह नाराज हो जाते थे। रविवार सुबह को रक्षपाल काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले। तब परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर का नजारा देखकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। अंदर रक्षपाल का शव फंदे पर लटका था। लोगों ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया कि आत्महत्या की जानकारी नहीं है।

### दवा लेने के लिए घर से निकले बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**बदायूं।** बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने रामगंगा नदी में छलांग लगा दी। तीन घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोर शव बाहर निकाल सके। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव बमनपुरा नवीन निवासी भोजपाल काफी समय से बीमार चल रहे थे। कई चिकित्सक से इलाज कराने के बाद भी उनकी सेहत में सुधार नहीं हो रहा था। वह परेशान चल रहे थे। रविवार को वह हजरतपुर से दवा लेने की बात कहकर घर से गए थे। वह चिकित्सक के यहां पहुंचे और दवा ले ली। वापस आते समय हजरतपुर क्षेत्र में रामगंगा के पुल के पास बैठ गए। वहां मौजूद लोगों के अनुसार काफी देर तक वहां बैठने के बाद उठे और रामगंगा में छलांग लगा दी। इसी दौरान रामगंगा घाट पर किसी का अंतिम संस्कार कर रहे लोगों ने उन्हें कूदते हुए देखा तो वह चिल्लाने लगे। किसी ने उन्हें पहचान लिया और उनके परिजन और पुलिस को सूचना दी।


प्रवेश प्रारम्भ

# बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

## बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

## रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

## केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

## बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

# बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

## फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

## फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

## रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# वरुण अर्जुन कॉलेज के कैंप में आठ में मिला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- खुदागंज के गांव नौसना में मेडिकल जांच कराने उमड़े ग्रामीण
- 67 ने ब्लड शुगर और 93 लोगों ने कराई ब्लड प्रेशर की जांच

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से रविवार को खुदागंज क्षेत्र के ग्राम नौसना में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का लाभ उठाने के लिए 269 मरीजों ने पंजीकरण कराया। नेत्र परीक्षण में आठ मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में किया जाएगा।

इसके अलावा 67 मरीजों की ब्लड शुगर और लगभग 93 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इतना ही नहीं, एमआरआई, सीटी स्कैन समेत अन्य जांचों में छूट के लिए कूपन भी वितरित किए गए। रोहिलखंड अस्पताल की स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचे करवाने के लिए जागरुक किया। पीआरओ विपिन शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि उनके यहां अस्पताल में 200 रुपये में परिवार स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाता है, जो एक वर्ष के लिए मान्य होता है। रुहेलखंड अस्पताल के सामान्य रोग विभाग में टीएमटी, इको, खून की जांचे सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों पर छूट भी दी जाती है।

पीआरओ ने बताया कि सामान्य रोग विभाग के गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में की जाती है।

रुहेलखंड अस्पताल में हर प्रकार के ऑपरेशन, सस्ती दवाइयों, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है। शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के डॉ. नायडू, डॉ. गार्गी शर्मा, डॉ. शिवम चित्रांग, डॉ. रिव्या सिंह, राजेश गंगवार, ब्रजेश मिश्रा समेत पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।



शिविर में जांच कराते लोग। ● अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने तिलहर में लगाया सामान्य रोग जांच शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से नगर पालिका तिलहर में रविवार को निःशुल्क सामान्य रोग मेडिसिन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लोगों की ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई तथा दवाइयां दी गईं। साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क परामर्श देकर जांचों एवं सीटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। शिविर से रोहिलखंड अस्पताल में इलाज कराने पर मरीजों की सीबीसी, केएफटी, एलएफटी एवं ईसीजी की जांचें निशुल्क किए जाने की जानकारी दी गई। पीआरओ रईसुद्दीन ने बताया कि रुहेलखंड अस्पताल के सामान्य रोग विभाग में टीएमटी, इको, खून की जांचे सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों पर छूट भी दी जाती है।

पीआरओ ने बताया कि सामान्य रोग विभाग के गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में की जाती है। कैंप में सामान्य रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. यासर समेत पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।



शिविर में जांच करतीं मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य कर्मचारी।

- नगर पालिका परिसर में लगे कैंप में मरीजों को नि:शुल्क दी गईं दवाइयां

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एमआर की मौत

**माधोटांडा , अमृत विचारः** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया जयभद्र के रहने वाले 25 वर्षीय प्रशांत मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) थे।

वह शनिवार को काम के सिलसिले में साथी निहाल के साथ रमनगरा गए थे। जहां से देर शाम बाइक पर दोनों वापस घर लौट रहे थे। माधोटांडा क्षेत्र में डगा पुल के पास पहुंचते ही उनकी बाइक को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें फौरन सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया। वहां प्रशांत को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि उनके साथी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी की। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

## ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

# सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47 .40 प्रतिशत |
| सपा | सनातन पांडेय | 4,53,595 | 45 .83 प्रतिशत |
| सुभसपा | विनोद | 35,900 | 3 .63 प्रतिशत |

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38 .18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23 .38 |
| कौमी एकता | अफजाल अंसारी | 1,63,943 | 17 .40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15 .04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1.43 |

### नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 15% |
| राजपूत | 13.5% |
| दलित | 16% |
| भूमिहार | 09% |
| यादव | 12 % |
| मुसलमान | 08 % |
| अनुसूचित जनजाति | 2.5 % |
| अन्य | 24 % |

**2014** की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल

### आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।

### बलिया सीट पर मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल वोटर | 19,12,864 |
| पुरुष मतदाता | 10,26,474 |
| महिला मतदाता | 8,86,316 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 74 |



### तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

**02** जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

# सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क



**अमत विचार।** उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।

### बलिया, चंदौली और राबर्ट्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47 .07 और सपा-बसपा को 45 .79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47 .40 और सपा-बसपा को 45 .43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45 .32 और सपा-बसपा को 39 .82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

### 2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

| सीट | भाजपा | सपा-बसपा |
|---|---|---|
| गाजीपुर | 40 .40% | 51.20% |
| घोसी | 39 .56% | 50 .30% |
| बलिया | 47 .40% | 45 .83% |
| चंदौली | 47 .07% | 45 .80% |
| राबर्ट्सगंज | 45 .32% | 39 .82% |
| सलेमपुर | 50 .72% | 38 .52% |
| महराजगंज | 59 .2 .% | 31 .45% |
| गोरखपुर | 60 .54% | 35 .07% |
| कुशीनगर | 56 .69% | 24 .64% |
| देवरिया | 57 .19% | 32 .57% |
| बासगांव | 56 .14% | 40 .57% |
| मिर्जापुर | 53 .34% | 32 .42% |
| वाराणसी | 63 .62% | 18 .40% |

### घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजावादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

# जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।



चरणजीत सिंह चन्नी।



सुशील रिंकू।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।



**मैच जीतेंगे** जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

### ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

**चुनाव डेस्क।** काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

**गाजीपुर लोकसभा सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।



### मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

### एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

### बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

# शादी के निमंत्रण कार्ड पर ईवीएम का विरोध

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले के एक व्यक्ति ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के उपयोग के प्रति विरोध जताने के लिए अपने शादी के निमंत्रण कार्ड का इस्तेमाल किया। चाकुर तहसील के अजनसोंडा (खुर्द) निवासी दीपक कांबले की शादी के निमंत्रण कार्ड पर संदेश छपा है, ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ, लोकतंत्र बचाओ। कांबले की शादी आठ जून को लातूर शहर में होने वाली है। कांबले ने कहा कि कई शहरों में विरोध प्रदर्शन और रैलियां आयोजित की जा रही हैं और प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग से मतपत्र की तरफ फिर से लौटने का आग्रह किया है। कांबले ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इस आंदोलन ने गति पकड़ ली थी। अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के बीच जागरुकता फैलाने के लिए मैंने शादी के निमंत्रण कार्ड पर ईवीएम के खिलाफ अपना विरोध छपवाया है। अखिल भारतीय पिछड़ा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग) और अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ के सदस्य कांबले ने अपनी शादी के निमंत्रण कार्ड पर संतों, समाज सुधारकों और स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरें और उनकी कुछ शिक्षाएं भी छपवाई हैं।

- **युवक ने कार्ड पर छपवाया-ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ-लोकतंत्र बचाओ**

# नीतीश की फिसली जुबान, बोले- फिर मोदी मुख्यमंत्री बनें

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एक बार फिर जुबान फिसल गई जब उन्होंने रविवार को एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि वह चाहते हैं कि एक बार फिर नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री बनें। चुनावी भाषण के दौरान जुबान फिसलने की वजह से पहले भी नीतीश कुमार काफी चर्चा में रहे हैं।

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां इलाके में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नीतीश ने कहा, मेरी इच्छा है कि नरेन्द्र मोदी फिर से मुख्यमंत्री बने। देश का विकास हो और बिहार का विकास हो। सब कुछ हो। यह सुनते ही मुख्यमंत्री के करीब खड़े एक अंगरक्षक ने उनके कान में जब कुछ कहा तो नीतीश ने कहा, नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री तो हैं ही, वह तो प्रधानमंत्री रहेंगे ही। यही कह रहे हैं कि वही आगे बढ़ेंगे। इससे पहले सात अप्रैल को नवादा जिले में एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपने संबोधन के दौरान नीतीश ने राजग को चार हजार से अधिक सीटों की उम्मीद जताई। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान को सही किया।

- **पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां इलाके में जनसभा को कर रहे थे संबोधित**

### चुनाव प्रचार के दौरान हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म, सड़क मार्ग से चुनावी बैठक में पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के हेलीकॉप्टर में रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान ईंधन खत्म हो गया। एक करीबी सहयोगी ने यह जानकारी दी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेता और जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के साथ पटना शहर के बाहरी इलाके मसौढ़ी में एक चुनावी बैठक के लिए गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पायलट ने उन्हें बताया कि हेलीकॉप्टर में ईंधन खत्म हो गया है इसलिए वह उड़ान नहीं भर सकता। मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के सांसद और उनके दल के सदस्य सड़क मार्ग से मसौढ़ी से दूसरे गंतव्य के लिए रवाना हुए जहां उनका एक और चुनाव संबंधी कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री रविवार को मसौढ़ी में राजग प्रत्याशी रामकृपाल यादव के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करने गये थे। मुख्यमंत्री के साथ यात्रा कर रहे जदयू सांसद संजय झा ने कहा, यह सच है कि हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के लिए और अधिक ईंधन की आवश्यकता थी। पायलट ने हमें बताया कि ईंधन भरने में कुछ समय लगेगा। इसलिए हम सड़क मार्ग से मसौढ़ी से दूसरे गंतव्य के लिए निकल पड़े। बाद में ईंधन भरने के बाद वही हेलीकॉप्टर दूसरे गंतव्य पर आया। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई है।

# नासिक की आभूषण कंपनी पर आयकर छापा 26 करोड़ रुपये बरामद

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में एक आभूषण कंपनी पर आयकर विभाग ने छापा मारकर 26 करोड़ की नगदी बरामद की है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आभूषण कंपनी और उसके प्रवर्तकों द्वारा कथित कर चोरी के संबंध में जानकारी मिलने के बाद तलाशी शुरू की गई। तलाशी के दौरान अब तक लगभग 26 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं और आयकर विभाग की टीम को कथित अघोषित निवेश से संबंधित कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं जिनकी जांच की जा रही है। इसी तरह की कार्रवाई में आयकर विभाग ने पिछले हफ्ते उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित जूता व्यापारी और उससे संबंधित कुछ इकाइयों पर छापेमारी करके 57 करोड़ रुपये जब्त किए थे।

# तृणमूल सरकार हटाने का भाजपा का सपना कभी पूरा नहीं होगा

सोनारपुर (प. बंगाल), एजेंसी

- **मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली में भाजपा पर साधा निशाना**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई तृणमूल कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की उसकी आकांक्षा अधूरी रहेगी।

बनर्जी ने यहां यादवपुर निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का यह कहना कि लोकसभा चुनाव के बाद टीएमसी सरकार के दिन गिने-चुने रह जाएंगे, परोक्ष धमकी देने के समान है, लेकिन यह महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं होंगी। उन्होंने कहा, भाजपा को लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार गिराने की कोशिश करने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। लोकसभा चुनावों में सफलता की उसकी महत्वाकांक्षाएं चकनाचूर हो जाएंगी, क्योंकि जनादेश टीएमसी के साथ होगा। उन्होंने कहा, पिछले छह चरणों का मेरा विश्लेषण यह है कि भाजपा 200 सीट का आंकड़ा पार नहीं करेगी, जबकि दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आएगा, जिसमें पश्चिम बंगाल और तृणमूल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बनर्जी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी-भाजपा के बीच टक्कर है।

## एक नजर

### कार ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचला, एक की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े एक ही परिवार के चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार कल रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पतेरी चौक के निकट सड़क किनारे खड़े एक ही परिवार के चार लोगों को बेकाबू कार ने कुचल दिया। हादसे में हल्की बाई चौधरी नाम की एक महिला की मौत हो गयी, जबकि महिला का पति और उसके दो बेटे घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले का आरोपी कार चालक फरार है।

### सड़क दुर्घटना में एक बच्चे समेत छह की मौत

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक में हासन के निकट रविवार को एक सड़क दुर्घटना में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंगलुरु से वापस आ रहे लोगों की कार राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं, तीन पुरुष और एक बच्चा शामिल है। उन्होंने बताया कि चालक के अलावा बाकी सभी लोग चिक्कबल्लापुर से थे और एक ही परिवार के सदस्य थे। ये लोग मंगलुरु से लौट रहे थे। शवों को अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

### प्रेमी युगल ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायसेन।** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बम्होरी में एक प्रेमी युगल ने आज दोपहर पेड़ पर एक ही रस्सी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सुल्तानपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहित राय सिख (22) ने अपनी प्रेमिका सरीना (18) के साथ दोपहर को पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खेत के पास लगे पेड़ पर दोनों को ग्रामीणों ने लटके हुए देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटना को लेकर पुलिस परिजनों से पूछताछ की है। परिजनों ने बताया कि मृतिका सरीना कल रात घर से निकली थी। पुलिस ने शवों को सुल्तानपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

# मोदी की मजबूत सरकार ने मजबूर संप्रग की जगह ले ली

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के जहानाबाद और आरा में की जनसभा

जहानाबाद/आरा/नालंदा, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत सरकार प्रदान की है जो पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने में सक्षम है।

नड्डा ने बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, आरा में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और नालंदा में राजग प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया, 2014 में सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार मजबूर, कमजोर और अपंग थी। नड्डा ने दावा किया कि कश्मीर के अलगाववादियों को दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में बुलाकर स्वागत करने वाली और समझौता करने वाली ही सरकार मजबूर और कमजोर सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मजबूत है, जिसने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, जब मोदी ने सत्ता संभाली तब उरी और पुलवामा (हमला) हुआ, तो हमारे सैनिकों ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई हमले करने के लिए पाकिस्तान की सीमाओं में प्रवेश किया और आतंकवादियों को उनके घरों में घुसकर मारा। नड्डा ने अनुच्छेद 370 को खत्म करने के लिए भी सरकार की प्रशंसा की और दावा किया कि इससे जम्मू-कश्मीर के उन लोगों को मुक्ति मिली, जिन्हें मुट्ठी भर राजनीतिक परिवारों ने वर्षों से बंधक बना रखा था। उन्होंने कहा, कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान हो रहा है, सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। ये संभव इसलिए हुआ है क्योंकि मोदी जी ने कश्मीर को मुख्य धारा में ला दिया है। आज कश्मीर उन्मुक्त होकर इस प्रजातंत्र के त्योहार में भागीदारी ले रहा। जहानाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, यहां पर 15 साल तक राजद की सरकार रही। उस सरकार में आर का मतलब राष्ट्र विरोधी, रिश्वतखोरी, जे का मतलब जंगलराज और डी का मतलब दलदल है। यह राष्ट्र विरोधी, रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल पार्टी है।



आरा में जनसभा को संबोधित करते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा।

### लालटेन युग लाना चाहती है राजद

उन्होंने कहा, राजद लालटेन युग में ले जाना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एलईडी युग में ले आए। देश को प्रगति की ओर ले जा रहे हैं और ये लालटेन युग की ओर ले जाने वाले और जंगलराज के लोग हैं। नड्डा ने कहा, जहानाबाद में 2005 से पहले तीन बजे के बाद ना कोई आता था और ना कोई जाता था। किसान पलायन कर रहे थे। हत्याएं व अपहरण हो रहे थे। फिरौती मांगी जा रही थी। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, आज लालू, राहुल गांधी को मटन बनाना सिखा रहे हैं। इन स्वार्थी पार्टियों का कोई धर्म नहीं है। पूरा घमंडिया (इंडिया) गठबंधन सिर्फ अपने परिवार और एक-दूसरे के भ्रष्टाचार को बचाने में लगे हुए हैं। आरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, आरा में चार बजे के बाद लोग घरों से निकलते नहीं थे। नड्डा ने लालू प्रसाद पर सिर्फ अपने परिवार के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि राजद भाकपा माले को पोस रही और वही अंधेरे दिन लाना चाहती है।

# प्रधानमंत्री मोदी की मुजरा टिप्पणी बिहार का अपमान है: खरगे

सासाराम, एजेंसी



- **कांगेस अध्यक्ष ने सासाराम में चुनावी रैली को किया संबोधित**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी नेताओं के लिए मुजरा शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने यह टिप्पणी करके बिहार का अपमान किया।

सासाराम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता और महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बिहार में एक चुनावी रैली में विपक्षी नेताओं के लिए मुजरा शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी जी ने इस शब्द का इस्तेमाल कर बिहार का अपमान किया। यह बिहार और उसके मतदाताओं का अपमान है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी खुद को तीस मार खां मानते हैं, वह गलतफहमी में हैं। जनता ही असली तीस मार खां है। वह (प्रधानमंत्री) एक तानाशाह हैं। अगर तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो लोगों को कुछ भी कहने की इजाजत नहीं होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह चुनाव मूलतः जनता बनाम मोदी है। राहुल बनाम मोदी नहीं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री होने के नाते मोदी का सम्मान करते हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी जहां भी जाते हैं, कांग्रेस पार्टी और हमारे नेताओं को बुरा-भला कहते हैं। खरगे ने कहा, वह केवल एक ही काम जानते हैं सोनिया जी, राहुल जी और अन्य कांग्रेस नेताओं को गाली देना। उन्होंने कहा, मोदी के मुताबिक, देश में पहले के नेताओं ने विकास का कोई काम नहीं किया। सब कुछ इनके ही कार्यकाल में हुआ है। खरगे ने कहा, आजकल नरेन्द्र मोदी अजीबोगरीब बात कर रहे हैं। वह भ्रम फैलाते हैं कि कांग्रेस लोगों की भैंस, जमीनें और मंगलसूत्र छीन लेगी। नरेन्द्र मोदी ऐसी बेकार की बातें तो करते हैं, लेकिन महंगाई, बेरोजगारी और भुखमरी की बात नहीं करते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर विरासत कर लगाने का प्रधानमंत्री का आरोप झूठ है।

# कांग्रेस की सरकार बनते ही ट्रेड कोरिडोर खोला जाएगा

**अमृतसर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शशी थरूर ने रविवार को अमृतसर के व्यापारियों से वादा किया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही ट्रेड कोरिडोर खोला जाएगा, कस्टम ड्यूटी जो 200 प्रतिशत है उसके लिए पालिसी को रिवाइज किया जाएगा और स्माल स्केल इंडस्ट्री को पैकेज दिए जाएंगे। श्री थरूर रविवार को कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला के साथ बिजनेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे और उन्हें पिछले दस सालों से बीजेपी के समय में आ रही मुश्किलों के बारे में चर्चा की। बिजनेस कान्फ्रेंस में सीआईआई, वायस आफ अमृतसर, फिक्की, फुलकारी, इंडो पाक ट्रेड, टेक्सटाइल मैनुफेक्चरिंग, डाक्टर्स और रियल एस्टेट से रिप्रेसेटिव्स पहुंचे थे जिन्होंने शहर की मुख्य समस्याओं को शशी थरुर और गुरजीत सिंह औजला के सामने रखा। श्री थरूर ने कहा कि इस समय लोग बदलाव चाहते हैं और इतने सालों में जो बदलाव आया है वह हिंदुत्व नहीं बल्कि मोदीत्व है। हर जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो अब कई स्थानों पर उन्हें शर्मिंदा कर रही है।

# सड़क किनारे झुग्गियों से टकराई बस, चार की मौत

**पणजी।** दक्षिण गोवा जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में बेकाबू निजी बस सड़क किनारे बनी दो झोपड़ियों में जा घुसी, जिससे चार मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस कि अनुसार दुर्घटना शनिवार रात करीब 11.30 बजे वर्ना औद्योगिक क्षेत्र में हुई, उस समय सड़क निर्माण का काम करने वाले मजदूर झुग्गियों में सो रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक संतोष देसाई ने कहा कि बस चालक की पहचान पास के कार्टोलिम गांव के निवासी भरत गोवेकर के रूप में हुई है, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक की चिकित्सा जांच से पुष्टि हुई है कि घटना के समय वह शराब के नशे में था। एक मजदूर ने दावा किया कि बस चालक ने घटना स्थल पर मौजूद अन्य मजदूरों को घटना के बारे में किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक निजी कंपनी के कर्मचारियों को ले जा रही बस दो झुग्गियों में जा घुसी, जहां मजदूर सो रहे थे। चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया।



दक्षिण 24 परगना जिले के नामखाना के फ्रेजरगंज में चक्रवात रेमल के मद्देनजर मछली पकड़ने वाली नावें लंगर डाले हुए हैं। चक्रवाती तूफान के रविवार रात को पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच टकराने की आशंका है।

# कैदी के यौन शोषण के आरोप में जेल सुरक्षाकर्मी पर रिपोर्ट

आगर मालवा (मध्य प्रदेश) एजेंसी

मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले में पुलिस ने नाबालिग से बलात्कार के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे 22 वर्षीय व्यक्ति का कथित तौर पर यौन शोषण करने के आरोप में एक जेल सुरक्षाकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि आगर मालवा की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानी शर्मा शनिवार को जिला जेल गईं, तब विचाराधीन कैदी ने गार्ड रूप सिंह जाधव की शिकायत की, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। आगर मालवा कोतवाली थाना प्रभारी अनिल मालवीय ने बताया कि विचाराधीन कैदी ने जेल प्रहरी पर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। कैदी के खिलाफ एक नाबालिग से बलात्कार के आरोप में मुकदमा चल रहा है। अप्रैल 2022 में उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने कहा कैदी की शिकायत के आधार पर जाधव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# मोदी के इशारे पर काम कर रही हैं जांच एजेंसियां : सिब्बल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **बोले-तेजस्वी पर टिप्पणी ही मोदी की स्वीकारोक्ति**

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर परोक्ष रूप से जेल संबंधी कटाक्ष किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर रविवार को निशाना साधा और दावा किया कि यह एक स्वीकारोक्ति है कि जांच एजेंसियां उनके इशारे पर काम कर रही हैं।

सिब्बल ने मोदी की मुजरा टिप्पणी को लेकर भी उनकी आलोचना की और कहा कि भले ही यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, लेकिन निर्वाचन आयोग सहित कोई भी कार्रवाई नहीं करेगा क्योंकि वे प्रधानमंत्री के साथ मिले हुए हैं। सिब्बल ने प्रधानमंत्री की मुजरा टिप्पणी को लेकर कहा, वह उच्च पद पर हैं जिसकी एक गरिमा है। प्रधानमंत्री की टिप्पणी महिलाओं का भी अपमान है। आप इस तरह विकसित भारत नहीं बना सकते। सिब्बल ने कहा, मैं जानता हूं कि निर्वाचन आयोग कुछ नहीं करेगा, भले ही मुझे लगता है कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। लेकिन कोई भी इसके बारे में कुछ नहीं करेगा क्योंकि वे आपस में मिले हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने गारंटी दी है कि चुनाव खत्म होने पर तेजस्वी यादव को जेल भेजा जाएगा। सिब्बल ने कहा, मैं कहता रहा हूं कि जांच एजेंसियां उनके इशारे पर काम कर रही हैं। यह एक कबूलनामा है कि किस स्तर तक, हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं ध्वस्त हो गई हैं? इससे पहले, सिब्बल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी की तेजस्वी के बारे में बिहार के लोगों को एक और गारंटी एक बार जब वह हेलीकॉप्टर पर अपना चक्कर पूरा कर लेंगे, तो उनका जेल जाने का रास्ता तय हो जाएगा।

# कोयला कारोबारी की हत्या की साजिश नाकाम, चार लोग पकड़े

रायपुर, एजेंसी

- **72 घंटे के अभियान के बाद पुलिस को मिली सफलता**

एक कोयला कारोबारी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में झारखंड के अमन साहू गिरोह के एक शार्पशूटर सहित चार सदस्यों को 72 घंटे के गोपनीय अभियान के बाद रायपुर और राजस्थान से पकड़ लिया गया।

छत्तीसगढ़ के एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साजिश मयंक सिंह ने बनाई थी जो कुआलालंपुर से अमन साहू गिरोह का संचालन करता है। मयंक सिंह के नेतृत्व में काम करने वाले शूटर अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह द्वारा चिह्नित ठिकानों पर हमले करते हैं। रायपुर (रेंज) के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि इस खुफिया जानकारी के आधार पर 72 घंटे का गोपनीय अभियान चलाया गया था कि झारखंड में काम करने वाले छत्तीसगढ़ के एक कोयला कारोबारी गिरोह के निशाने पर हैं। पप्पू सिंह उर्फ पप्सा को राजस्थान से दबोचा गया जबकि मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह और शूटर रोहित स्वर्णकार को रायपुर में विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया गया। पप्सा, कुमार और सिंह राजस्थान के हैं जबकि स्वर्णकार झारखंड का निवासी है। आईजी ने कहा कि गिरोह के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि मयंक सिंह ने साजिश के तहत स्वर्णकार को पिस्तौल और एक मैगजीन उपलब्ध कराने के लिए इंदौर भेजा था। उन्होंने कहा कि इसके बाद स्वर्णकार को ट्रेन से रायपुर भेजा गया था। चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# जम्मू में बंगलादेशी नागरिक हिरासत में

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने जम्मू के बाहरी इलाके खौर में एक बंगलादेशी नागरिक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने रविवार को कहा, सेना ने कल गश्त के दौरान खौर इलाके के लोअर कोट मैरा से एक बंगलादेशी भिखारी को हिरासत में लिया। उन्होंने कहा कि उसे पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। पूछताछ के दौरान उसने कहा कि वह बंगलादेश के अलुपोट्टी नटोर का रहने वाला तुफज्जल बबलू (35) है। पुलिस ने कहा कि वह मानसिक रूप से अस्थिर लग रहा है। तलाशी लेने पर, उसके पास से 10 रुपये के पुराने बंगलादेशी नोट, एक रुपये का सिक्का, तीन सिम कार्ड, पुराने बंगलादेशी बिल, पुराना स्टूडेंट कार्ड और डायरी बरामद हुई। पुलिस ने कहा कि इस मामले की जांच चल रही है।

# फडणवीस, शाह ने चुनाव में गडकरी के खिलाफ काम किया

मुंबई/नागपुर, एजेंसी

- **शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने अनिच्छा से प्रचार करने का लगाया आरोप**

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में नितिन गडकरी को हराने के लिए काम किया। राउत के दावे पर भाजपा और नागपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

राउत ने आरोप लगाया कि फडणवीस को जब एहसास हुआ कि नागपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे गडकरी को नहीं हराया जा सकता, तो उन्होंने उनके लिए अनिच्छा से प्रचार किया। उन्होंने उन्होंने पार्टी के मुखपत्र सामना में एक लेख में लिखा, मोदी, शाह और फडणवीस ने नागपुर में गडकरी की हार के लिए काम किया। जब फडणवीस को एहसास हुआ कि उन्हें हराया नहीं जा सकता, तो वे अनिच्छा से गडकरी के लिए अभियान में शामिल हुए। नागपुर में आरएसएस के लोग खुलेआम कह रहे हैं कि फडणवीस ने गडकरी को हराने में विपक्ष की मदद की। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हर निर्वाचन क्षेत्र में 25-30 करोड़ रुपये बांटे थे और उनकी मशीनरी ने अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के उम्मीदवारों को हराने के लिए काम किया। उन्होंने कहा, भाजपा एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है। जिन लोगों ने हमेशा गुटबाजी की राजनीति की है, वे पारिवारिक बंधनों को कभी नहीं समझ पाएंगे।

# भावेश भिंडे की पुलिस हिरासत 29 मई तक बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने रविवार को उस विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे की पुलिस हिरासत की अवधि 29 मई तक बढ़ा दी, जिसने यहां घाटकोपर इलाके में एक विशाल होर्डिंग लगाया था और जिसके गिरने से 17 लोगों की जान चली गई। भिंडे की विज्ञापन कंपनी मेसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एक पेट्रोल पंप के पास एक विशाल होर्डिंग लगाया था, जो गत 13 मई को धूल भरी आंधी चलने और बारिश की वजह से गिर गया था। भिंडे घटना के बाद फरार हो गया था, जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 के तहत गैर-इरादतन हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया था। उसे 16 मई को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार कर यहां लाया गया था। भिंडे को 26 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।


## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फॉरनेहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

# शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।

> मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं, निश्चित ही हैं, किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं, एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है, जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है, उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता, मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है, जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है, परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है, लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है, पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है, धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है, किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना, अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता, पत्ती, पन्ही, पात, पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे, इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है, जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है, जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं, झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

## प्रसंगवश

# राजधानी में कानून व्यवस्था


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई, जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, अखबारों में खबर का कवरेज आया, किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं, मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके, लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी, तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है, मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने, धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई, जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए, यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी, अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

# बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

> इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई, परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं, उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया, जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते, गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे, जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत, फिर बुंदिया, बाद में पूड़ी, सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।

## सोशल फोरम

# कौन थे बनाफर


देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

> कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था, लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे, पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं, उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। **-फेसबुक वॉल से**

# लीडरशिप से जुड़ीं बातें


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत: वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा, सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे, उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है, जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे, थाना, कचहरी, नेतागिरी, हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे, लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे, पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं, जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

# ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार, न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन, उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह, बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर, कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे, गांवों में रिक्शा, टेंपो, जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम, दल, चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों, चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी, जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग, कटाउट शान से खड़े दिखते थे, लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति, धन, शराब, अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा, दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल, क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है, भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है, क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं, मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।


4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें, शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

# वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

## चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

**चंडीगढ़, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही



है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।

### भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी



**फतेहगढ़ साहिब/पटियाला।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

## केरल के रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

**त्रिशूर (केरल)।** मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ की विस्फोटक इकाई में धमाके के बाद आठ श्रमिक लापता

- बचाव दल को घटनास्थल पर मानव शरीर के अंग भी मिले
- लापता श्रमिकों के रिश्तेदारों ने किया प्रदर्शन

**पिरदा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ में बेमेतरा जिले के पिरदा में शनिवार को विस्फोटक सामग्री बनाने वाले एक कारखाने में धमाके के बाद कम से कम आठ कर्मचारी लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पिरदा में विस्फोट स्थल के पास रविवार को तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, जहां उन लोगों ने प्रदर्शन किया जिनके रिश्तेदार घटना के बाद से लापता हैं। शनिवार को बेरला विकास खंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड नामक इकाई में हुए धमाके में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। बचाव दल को घटनास्थल पर मानव शरीर के अंग भी मिले हैं। अधिकारियों ने कहा था कि विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि इससे लगभग 30 फुट गहरा गड्ढा हो गया। बेमेतरा के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा-आठ श्रमिकों के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वे कारखाने में विस्फोट के बाद से लापता हैं। उन्होंने कहा कि विस्फोट स्थल पर मलबे से मानव शरीर के अंग बरामद हुए हैं। साहू ने कहा-विस्फोट में लोगों के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए और उनकी पहचान के लिए डीएनए जांच की जाएगी। वहीं जिलाधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा कि कारखाना प्रबंधन को आठ लापता श्रमिकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है और उन्हें तुरंत पांच-पांच लाख रुपये का चेक दिया जा रहा है।

## जामिया वीसी विवाद: प्रो. ने नियुक्ति रद करने के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** प्रो. इकबाल हुसैन ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर अपनी नियुक्ति को निरस्त किए जाने के दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया है। हुसैन की अपील न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने हुसैन को प्रति कुलपति बनाए जाने तथा बाद में विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर नियुक्ति को यह कहते हुए रद कर दिया था कि नियुक्तियां संबंधित कानून के अनुरूप नहीं की गई थीं। एकल पीठ ने हालांकि, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के पद पर एक सप्ताह के भीतर नई नियुक्ति की जाए।

### एक नजर

#### मप्र में शराब पीने से एसएएफ के दो जवानों की हुई मौत

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शराब पीने के बाद राज्य पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि एसएएफ की आठवीं बटालियन के दानीराम उइके (55) और प्रेमलाल काकोड़िया (50) ने शनिवार रात शराब पी थी। गोल्हानी ने बताया कि दोनों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उइके की तुरंत मौत हो गई और काकोडिया ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

#### जम्मू में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**जम्मू।** रविवार को जम्मू के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जब मालगाड़ी जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी उस दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जम्मू शहर के बाहरी इलाके मनवाल के पास संगर में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से रेल यातायात की सेवाओं में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित ट्रैक को बहाल करने के लिए एक क्रेन भेजी गई।

## 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

- राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप

**शिमला, एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

### चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



**औरंगाबाद/भभुआ।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

## विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

- आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा

**नोएडा, एजेंसी**

देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण



के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।

## नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

**ठाणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

- महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।



### एक नजर

#### भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी।

#### गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10 :30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई। सूत्र ने कहा कि इंजन में कंपन के कारण विमान वापस लौटा। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार-24 पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बोइंग 737-7 विमान उड़ान भरने के कुछ समय बाद राजधानी लौट आया।

# चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

## विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा-विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

### घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान




ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवत: 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

# वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**नई व्यवस्था**

- प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा
- कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंट्रूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर



जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सके। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।

**कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क:** गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

> खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

# आरबीआई को संभवत: हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व वित्त सचिव बोले सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि आरबीआई का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवत: अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है। हालांकि उन्होंने कहा कि मेरा अनुमान है कि आरबीआई का लाभांश संभवत: लगभग तीन लाख करोड़ रुपये हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है।

## एआई अध्ययन के लिए बोली लगाने की समय सीमा 18 जून तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कृत्रिम मेधा (एआई) और प्रतिस्पर्धा पर इसके प्रभाव पर अध्ययन करने के लिए बोलियां जमा करने की समय सीमा 18 जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले बोली लगाने की अंतिम तिथि तीन जून थी। सीसीआई ने कहा कि बोलियां किसी गठजोड़ (कंसोर्टियम) या संयुक्त उद्यम के माध्यम से प्रस्तुत नहीं की जा सकतीं। अन्य पात्रता आवश्यकताओं के अलावा, बोलीदाताओं के लिए न्यूनतम वार्षिक कारोबार 50 करोड़ रुपये बरकरार रखा गया है।

## भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।


## एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।

# 10 साल बाद केकेआर ने जीता खिताब

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीसरी बार हासिल की आईपीएल ट्रॉफी, हैदराबाद को सस्ते में समेट कर आठ विकेट से हराया






चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्राफी जीती थी। अब गुरू गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्राफी दिलाई। केकेआर इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी।

गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस खिताब को दिलाने में अहम भूमिका निभाई जो जानते हैं कि रणजी ट्रॉफियां कैसे जीती जाती हैं। इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गई और टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गई।



यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंद में चार चौके और तीन छक्के लगाये जबकि गुरबाज ने 32 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। गुरबाज ने स्टंप के पीछे तीन शानदार कैच भी लपके। कप्तान के तौर पर यह श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल था, उन्होंने तीन गेंद में नाबाद 6 रन बनाए। केकेआर की जीत के नायक रहे उसके गेंदबाज जिसमें मिचेल स्टार्क नीलामी में मिली रिकॉर्ड राशि को सही साबित करते हुए तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल ने मध्य के ओवरों में शिकंजा कसा और 2.3 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट झटके। हर्षित राणा ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए। केकेआर की शानदार गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका।

### हैदराबाद 113/10
18.3 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क | 2 | 5 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क | 9 | 13 | 1/0 |
| एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल | 20 | 23 | 3/0 |
| नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा | 13 | 10 | 1/1 |
| हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा | 16 | 17 | 1/0 |
| शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरूण | 8 | 7 | 0/1 |
| अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल | 4 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल | 24 | 19 | 2/1 |
| जयदेव उनादकट पगबाधा नारायण | 4 | 11 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, नारायण 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1

### कोलकाता 114/2
10.3 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज पगबाधा शाहबाज | 39 | 32 | 5/2 |
| नारायण कैच शाहबाज बोल्ड कमिंस | 6 | 2 | 0/1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 52 | 26 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 6 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 2-0-25-0, पैट कमिंस 2-0-18-1, थंगारसु नटराजन 2-0-29-0, शाहबाज अहमद 2.3-0-22-1 जयदेव उनादकट 1-0-9-0, एडन मारक्रम 1-0-5-0

## खेल डायरी

### एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

### फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

**पेरिस।** जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

### लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से लौटेंगी खाली हाथ

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** मां बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

# फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो



● मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था।

सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। घुटने की चोट से उबर कर खेलों में वापसी कर रही सिंधू का फाइनल में पहुंचने से आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में अभ्यास करती हैं। वह वांग के खिलाफ जीतने की स्थिति में होने के बावजूद मैच गंवाने की खामी को दूर करना चाहेंगी।

# टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

**किंगस्टन।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

# प्रशासक की नियुक्ति के बाद विकल्प तलाश रहा है ईएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अपने कामकाज के संचालन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तदर्थ समिति के गठन के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईएफआई ने कहा कि अदालत के इस फैसले से इस गरीब खेल महासंघ पर भारी वित्तीय बोझ पड़ जाएगा जो या तो समिति को फीस दे सकता है या खेल के विकास के लिए काम कर सकता है। अदालत ने राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

आरईए ने ईएफआई कार्यकारी समिति के सदस्यों के कार्यकाल में विस्तार को चुनौती देते हुए कहा था कि यह खेल कोड के खिलाफ है। एक अलग याचिका में आरईए ने आरोप लगाया था कि ईएफआई ने क्लबों और संस्थानों को मताधिकार देकर खेल कोड का उल्लंघन किया



है क्योंकि प्रदेश संघों को ही मतदान का अधिकार है। ईएफआई के एक सूत्र ने कहा हमारा सालाना राजस्व दो करोड़ रूपये हैं और कम से कम एक करोड़ तदर्थ समिति की फीस में चला जाएगा अगर वह एक साल तक काम करती है। आदेश के तहत ईएफआई को समिति के अध्यक्ष को प्रतिमाह पांच लाख रूपये और दो सदस्यों को एक एक लाख रूपये देने होंगे। ईएफआई गरीब महासंघ है और इतना पैसा एक समिति को नहीं दे सकता। ईएफआई के चयनित सदस्यों ने अपने काम के लिये एक रूपया तक नहीं लिया है। वे निस्वार्थ काम करते आये हैं। अगर समिति को भुगतान करना पड़ा तो कोचिंग शिविर बंद करने पड़ेंगे तथा टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती करनी होगी।

# अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

## बॉलीवुड हलचल

### मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।



### मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

